

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 254

ग्वालियर, सोमवार, 8 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## 30 जिलों में 100 या उससे ज्यादा केस

# मध्यप्रदेश में डेंगू के मरीज 12 हजार पार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तेजी से फैल रहे डेंगू ने चिंता बढ़ा दी है। डेंगू मरीजों की संख्या 12 हजार के पार पहुंच गई है। नवंबर के शुरुआती दो दिन में 361 मरीज मिले है। ग्वालियर डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है। यहां 1 और 2 नवंबर को 72 मरीज मिले हैं। वहीं, कुल मरीजों की संख्या प्रदेश में सबसे ज्यादा 1539 पहुंच गई है। मंदसौर में ग्वालियर के बाद 1244 डेंगू मरीज मिले हैं। बता दें इससे पहले प्रदेश में 2009 में डेंगू मरीजों की संख्या 10 हजार को पार की थी। पिछले साल यह आंकड़ा सिर्फ 806 था। वहीं, प्रदेश के 30 जिलों में 100 से ज्यादा डेंगू के मरीजों की संख्या पहुंच गई है।

**अक्टूबर में सबसे ज्यादा मरीज मिले:** अक्टूबर में प्रदेश में 5303 मरीज मिले हैं। इसमें अकेले ग्वालियर में ही 1 हजार से ज्यादा मरीज मिले हैं। पहले सितंबर माह में प्रदेश में 4016 मरीज मिले थे। नवंबर के शुरुआती दो दिन में सबसे ज्यादा मरीज ग्वालियर में 72 , उज्जैन में 37, दमोह में 24 मरीज सामने आए हैं।



**सरकारी रिकॉर्ड में पांच मौतें:** प्रदेश में डेंगू के मरीजों की कई शहरों में मौत के मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में अब तक सिर्फ पांच मौतें ही रिपोर्ट की गई हैं। इसमें सबसे ज्यादा आगर में 2 एवं इंदौर, सिवनी, रीवा जिले में 1-1 मौत रिपोर्ट है। अकेले रतलाम में ही 10 से ज्यादा लोगों की मौत डेंगू से हुई है। वहीं, भोपाल में भी एक मौत डेंगू से होने की बात सामने आई है।

**भोपाल में 2 लाख से ज्यादा घरों में डेंगू का लार्वा मिला:** प्रदेश में पिछले दिनों बारिश के कारण लार्वा को पनपने के अनुकूल स्थिति बन गई। सरकार डेंगू के खिलाफ जंग अभियान चला रही है। इसमें लार्वा के सर्वे से लेकर उसको मारने के लिए फॉगिंग की जा रही है। लोगों को छत पर बर्तनों, गमले समेत अन्य जगह पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यहीं कारण है कि भोपाल में 2 लाख से ज्यादा घरों में सर्वे करने पर 15 हजार से ज्यादा घरों में लार्वा मिला।

**6477 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए:** 2 नवंबर की सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, करीब 12 हजार डेंगू मरीजों में से अब तक 6477 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। इसमें से अब तक 5854 मरीज ठीक हो चुके हैं। अभी अस्पताल में 400 से अधिक मरीज भर्ती हैं। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डॉयरेक्टर हिमांशु जायसवार ने कहा कि सितंबर माह में जब दूसरे शहरों में सबसे अधिक डेंगू के मामले आ रहे थे, तब ग्वालियर में मामले कम थे। अक्टूबर माह में ग्वालियर में ज्यादा मामले आ रहे है। ग्वालियर में डेंगू के मामलों को कंट्रोल करने के लिए कदम उठाए जा रहे है।

## पिछले दरवाजे से भारत में घुसपैठ की फिराक में चीन



### ड्रैगन सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास भूटान में बना रहा सड़क

**नई दिल्ली।** विस्तारवादी चीन अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए पिछले दरवाजे से भारत में घुसपैठ की फिराक में है। चीन की नजरें भारत के अहम सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर टिकी हुई हैं जिसे भारत का %चिकन नेक% भी कहा जाता है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक चीन तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) की चुंबी घाटी में अपनी कनेक्टिविटी को मजबूत कर रहा है और अपने पैर जमा रहा है। यह इलाका भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के करीब है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर न सिर्फ व्यापारिक और भौगोलिक बल्कि रणनीतिक रूप से भी भारत का एक अहम क्षेत्र है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने हाल ही में सिलीगुड़ी को %संवेदनशील% करार दिया था। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि चीन चुंबी घाटी में एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कर रहा है जो सिलीगुड़ी कॉरिडोर के करीब है। चीनी सेना भूटानी क्षेत्र में सड़कें बनाकर अपनी जड़े मजबूत कर रही है। पिछले साल सामने आई हाई रिजॉल्यूशन सैटेलाइट इमेज में चीन को भूटानी इलाके से होते हुए तोरसा नदी के किनारे सड़कें बनाते हुए दिखाया गया था। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि सीमा समाधान को गति देने के लिए भूटान और चीन के बीच तीन-चरणीय रोड मैप पर हालिया समझौता ज्ञापन इस संदर्भ में अहम भूमिका निभा सकता है। रक्षा मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने भी चीन के निर्माण पर चिंता जताई है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि जब सभी की निगाहें लद्दाख में सीमावर्ती क्षेत्रों पर पीएलए के अतिक्रमण पर हैं, तब चीन चुपचाप कहीं और अपनी आक्रामक क्षमताओं को बढ़ा रहा है। इसमें भारत के चिकन नेक के पास भूटान क्षेत्र में सड़कों का निर्माण शामिल है।

## भारी बारिश से चेन्नई बेहाल, महाराष्ट्र में येलो अलर्ट

### कई राज्यों में अगले 4 दिन तक तेज बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** मानसून की विदाई के बाद भी बादलों का बरसना जारी है। उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में सर्दी बढ़ने लगी है और देश के कई अन्य क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ रही है। वहीं चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में रात भर भारी बारिश होने से हालत बिगड़ गई है। चेन्नई में बाढ़ की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा महाराष्ट्र के दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार राज्य की राजधानी मुंबई सहित अन्य उपनगरों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। चेन्नई और कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई उपनगरों में शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई और रात भर बारिश होती रही, जिससे कई इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को परेशानी हुई। आईएमडी के मुताबिक बेमौसम बारिश पूर्वी अरब सागर के ऊपर एक कम दबाव के क्षेत्र के कारण हुई थी। अरब सागर के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के अलावा, सुमात्रा तट से दूर दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इस कारण तटों से जुड़े राज्यों में बारिश की संभावना है।



महाराष्ट्र के दो जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी अरब सागर के ऊपर 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार और 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ तेज मौसम की संभावना है, इस कारण महाराष्ट्र के तटों बाहरी क्षेत्रों में सात नवंबर से 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। आईएमडी ने मछुआरों को इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी बुलेटिन के अनुसार, 11 से 12 नवंबर के बीच उत्तरी तटीय तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत अधिक और अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में 11 से 12 नवंबर के बीच कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

## विस चुनाव के मद्देनजर पंजाब ने भी घटाए पेट्रोल-डीजल के दाम

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार के पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती के बाद पंजाब में कांग्रेस की चरणजीत सिंह चन्नी सरकार ने वैट में बड़ी कटौती की है। मुख्यमंत्री चन्नी ने रविवार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि पेट्रोल 10 रुपए प्रति लीटर सस्ता होगा तो डीजल पर 5 रुपए की कटौती की गई है। नई दरें आज आधी रात से लागू होंगी। पंजाब सरकार के इस कदम को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी घटाए जाने के बाद जहां बीजेपी सरकारों ने वैट घटा दिया था तो कांग्रेस शासित राज्यों ने इससे इनकार कर दिया है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 5 रुपए



प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। मोदी सरकार के कदम के ठीक बाद बीजेपी शासित राज्यों ने भी वैट घटाकर ग्राहकों को राहत दी थी, लेकिन अधिकतर गैर-एनडीए शासित राज्यों ने केंद्र सरकार से और अधिक एक्साइज ड्यूटी घटाने की मांग करते हुए वैट घटाने से इनकार कर दिया था। राजस्थान जैसे कांग्रेस शासित राज्य टैक्स कटौती से इनकार कर चुके हैं, जहां पेट्रोल-डीजल की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर है।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार वैट घटाने से साफ तौर पर इनकार कर चुकी है। सीएम अशोक गहलोत कह चुके हैं कि राज्य सरकार पेट्रोल और डीजल के दामों पर वैट कम नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार को ही और अधिक टैक्स कटौती की नसीहत दी। गहलोत ने कहा, %मेरा सुझाव है कि पेट्रोल, डीजल और गैस से एडिशनल एक्साइज ड्यूटी, स्पेशल एक्साइज ड्यूटी और सेस के रूप में जो राजस्व केंद्र सरकार इकट्ठा कर रही है।

## भाजपा कार्यसमिति की अहम बैठक शुरू, पीएम मोदी ने किया औपचारिक शुभारंभ

### भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े



**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को दिल्ली के नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सम्मेलन कक्ष में शुरू हुई। पार्टी बैठक में हाल के उप-चुनाव परिणामों पर विचार-विमर्श करेगी और आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर निर्णय लेगी। बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत किया। नड्डा और प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इसके बाद नड्डा का अध्यक्षीय संबोधन हुआ। खास बात यह थी इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाजाप के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कई भाजपा सरकारों के मुख्यमंत्रियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से होगा। कोरोना महामारी के सामने आने के बाद इस पहली आमने-सामने की बैठक में भाजपा अध्यक्ष नड्डा समेत राष्ट्रीय कार्यसमिति के 124 सदस्य व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि मुख्यमंत्री और 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में प्रदेश अध्यक्षों के नेतृत्व में राज्य इकाइयां डिजिटल माध्यम से कार्यसमिति की बैठक से जुड़े। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मंथन होना है। साथ ही हाल ही में तीन लोकसभा व विधानसभा की उपचुनाव के नतीजों पर भी चर्चा की जानी है। कार्यसमिति की यह बैठक दो साल बाद हो रही है। कोरोना संक्रमण के चलते 2019 के बाद यह बैठक नहीं हो सकी थी। कार्यक्रम स्थल भाजपा के झंडों और प्रधानमंत्री मोदी व नड्डा सहित अन्य नेताओं के पोस्टरों से पटा पड़ा है। ऐसे ही कुछ पोस्टरों में मोदी को विश्व प्रिय नेता बताया गया है। कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार पर एक तरफ मोदी तो दूसरी तरफ नड्डा की आदमकद तस्वीर लगी है और साथ ही वहां उल्लेख किया गया है ÷राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम, जन सामर्थ्य से देश रच रहा इतिहास÷। कार्यक्रम में शामिल होने वाले नेताओं को तापमान जांच सहित कोविड से बचाव की अन्य प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है। दिल्ली प्रदेश भाजपा की ओर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी नेताओं का ढोल-नगाड़े और नारेबाजी के साथ स्वागत किया गया।

## कोरोना का बिना सुइ वाला टीका भी लगाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के खिलाफ जल्द ही एक और बड़ा हथियार मिलने जा रहा है। केंद्र सरकार ने अहमदाबाद की कंपनी जाइडस कैडिला की तीन खुराक वाले टीके जाइकोव-डी की एक करोड़ खुराक खरीदने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही यह टीका राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में इस महीने शामिल हो जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि समझा जाता है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में विकसित दुनिया के पहले डीएनए-आधारित कोविड-19 टीके को टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने के लिए शुरुआती कदमों को हरी झंडी दिखा दी है। शुरुआत में इसे वयस्कों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी। जाइकोव-डी पहला ऐसा टीका है जिसे भारत के औषधि नियामक ने 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों के टीकाकरण के लिए मंजूरी दी है। इस टीके का इस्तेमाल बिना सुई की मदद से फार्माजेट तकनीक से किया जाएगा। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि केंद्र जाइडस कैडिला को जाइकोव-डी टीके की एक करोड़ खुराक के लिए ऑर्डर दे चुका है, जिसकी कीमत टैक्स को छोड़कर करीब 358 रुपए है।

## खास खबर

### बहुत शानदार है जान्हवी कपूर का नया घर

**मुंबई।** जान्हवी कपूर ने अपने लिए नया घर लिया है। हालांकि, जुहू वाले इस नए घर में वह अभी शिफ्ट नहीं हुई हैं। सूत्रों ने बताया है कि इस नए घर में वह अपने पिता बोनी कपूर और बहन खुशी के साथ ही रहेंगी। कहा जा रहा है कि इस घर के कंस्ट्रक्शंस का काम जोरों पर चल रहा है। फिलहाल जान्हवी और खुशी की वो तस्वीरें वायरल हैं, जो उन्होंने इस घर की छत पर खिंचवाई। मौका था खुशी कपूर के बर्थडे का, जिसे उन्होंने जमकर सेलिब्रेट किया है। इस छत का नजारा काफी शानदार है, जहां डाइनिंग एरिया से लेकर स्विमिंग पूल और पार्टी एरिया तक मौजूद है। जहां से खड़े होकर मुंबई के खूबसूरत नजारे का मजा लिया जा सकता है। खुशी कपूर ने शुक्रवार को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया, जिसमें उनके क्लोज़ फ्रेंड्स शामिल हुए और कुछ गिने-चुने सिलेब्रिटीज़ भी इस सेलिब्रेशन का हिस्सा रहे। इस पार्टी में अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप, सुनील शेट्टी के बेटे अहान और उनकी गर्लफ्रेंड तानिया श्रॉफ, वरुण धवन की भतीजी अंजिनी शामिल थीं।

### जम्मू में दोहरे हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध निकला पुलिसकर्मी

**जम्मू।** जम्मू शहर के बाहरी इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में संलिप्त मुख्य आरोपी के रूप में एक पुलिसकर्मी का नाम सामने आया है। इस गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हुए थे। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुख्य संदिग्ध और उसके एक सहयोगी को पकड़ने के लिए कई जगह छापेमारी की कार्रवाई की है और आरोपी पुलिसकर्मी का साथी भी पूर्व पुलिस कर्मी है। गौरतलब है कि आरएस पुरा में अरनिया सेक्टर के सालेहर इलाके में हुई गोलीबारी में सबर चौधरी और आरिफ चौधरी की मौत हो गई थी तथा बाबर चौधरी और प्रवीण कुमार घायल हो गए थे। घटना के तुरंत बाद जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कोहली ने विशेष जांच टीम गठित की थी, ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला कि कांस्टेबल भूपिंदर सिंह ने किसी विवाद को लेकर अपनी सरकारी राइफल से अंधाधुंध गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में उसका साथ पूर्व कांस्टेबल सदीक ने दिया और घटना के बाद दोनों फरार हो गए। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कई टीम तैनात की गई हैं और सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

### फूड ऐप सेवा से नाराज अभिनेता ने मांगी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मदद

**कोलकाता।** बांग्ला फिल्मों के अभिनेता प्रसन्नजीत चटर्जी ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का ध्यान ऑनलाइन फूड ऐप 'स्विगी' द्वारा भोजन की डिलीवरी न करने के जरूरी मुद्दे की ओर खींचा और कहा कि इस मामले पर बात होनी चाहिए। एक खुले पत्र में चटर्जी ने शिकायत की कि उन्हें भोजन मिला भी नहीं जबकि ऑर्डर की स्थिति बदल कर डिलीवर हो गई। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने कहा ?कि पैसा उनके खाते में वापस आ गया। उनके ट्वीट पर तुरंत मिश्रित प्रतिक्रियां मिलने लगीं, जिसमें कुछ ने खुले पत्र के लिए उनका मजाक उड़ाया जबकि अन्य लोग समर्थन में आ गए। कुछ ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने मजाक में कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चटर्जी ने अपने पत्र में कहा ?कि अगर कोई अपने मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए ऐप पर निर्भर हो और उनका भोजन कभी पहुंचे नहीं तो अगर कोई अपने खाने के लिए इन ऐप्स पर निर्भर हो तो क्या वे भूखे रहेंगे? मुझे लगा कि इसके बारे में बात करना जरूरी है। संपर्क करने पर 59 वर्षीय सुपरस्टार ने कहा कि उन्हें इन ऐप्स के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं है, लेकिन कुछ जवाबदेही होनी चाहिए। स्विगी के अधिकारियों ने मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### दिल्ली-एनसीआर की बिगड़ी आबोहवा

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण के चलते दिल्ली-एनसीआर की बिगड़ी आबोहवा को लेकर डॉक्टर और पर्यावरण विशेषज्ञ लगातार चिंता जता रहे हैं। पर्यावरणविद् विमलेन्दु झा का कहना है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम उत्तर भारत में वर्तमान वायु प्रदूषण संकट की गंभीरता को समझें। यह एक हेल्थ इमरजेंसी जैसी स्थिति है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने का अभी प्रदूषण में बड़ा योगदान है। उन्होंने सुझाव दिया है कि वायु प्रदूषण के संकट को देखते हुए दिल्ली-एनसीआर और उसके आसपास स्कूलों को बंद करने, वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए लॉकडाउन जैसे उपाय किए जाने चाहिए। उनका मानना है कि शायद अगले एक हफ्ते के लिए निर्माण गतिविधियों पर रोक लगे। विमलेन्दु झा ने शनिवार को कहा था कि वायु प्रदूषण से हर साल 15 लाख लोगों की मौत होती है।



## वन-टू-वन

### पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे शाकिब अल हसन

**ढाका।** बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं।बीसीबी के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने कहा, 'शाकिब को ठीक होने और मैदान पर वापस आने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि शाकिब टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध हो। उल्लेखनीय है कि शाकिब को हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में जारी आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान ग्रेड एक की हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जिसके चलते उन्हें मजबूरन टूर्नामेंट के बीच में ही स्वदेश लौटना पड़ा था। चौधरी ने हालांकि उम्मीद जाहिर की है कि अन्य चोटिल खिलाड़ी नूरुल हसन टी-20 सीरीज के लिए उपलब्ध होंगे। मौजूदा टी-20 विश्व कप में पेट दर्द के कारण विकेटकीपर बल्लेबाज नूरुल की तबीयत खराब हो गई थी। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश को क्रमशः 19, 20 और 22 नवंबर को शेर-ए-बंगला नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलने हैं। टी-20 सीरीज के बाद मेजबान बंगलादेश 26 नवंबर को चटोग्राम के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेलेगा, जबकि दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से मीरपुर में खेला जाएगा।

### लवलीना को सीधे प्रवेश देने के फैसले पर दोबारा विचार नहीं करेंगे : बीएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने कहा है कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को महिला विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिये जाने के फैसले पर दोबारा विचार नहीं होगा। इस मामले में एक मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने ट्रायल का अनुरोध किया था। बीएफआई महासचिव हेमंत कालिता ने कहा कि लवलीना को 70 किग्रा वर्ग में सीधे प्रवेश देने के फैसले पर दूसरी बार विचार नहीं किया जाएगा। वहीं इससे पहले अरुंधति ने इस मामले में ट्रायल की मांग की थी। कालिता ने कहा, 'महिला विश्व चैंपियनशिप के लिए कोई ट्रायल नहीं होगा। जैसा कि सितंबर में कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान तय किया गया था। साथ ही कहा कि लवलीना के वर्ग को छोड़ कर हर वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, 'लवलीना को सीधे प्रवेश देने का निर्णय उनके टोक्यो ओलंपिक प्रदर्शन पर आधारित था। इसे बदला नहीं जाएगा। महिला विश्व चैंपियनशिप का आयोजन दिसंबर में इस्तांबुल में होगा। इस प्रतियोगिता के लिए तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। बोरगोहेन इस स्पर्धा की दो बार की कांस्य पदक विजेता हैं जबकि 19 वर्षीय अरुंधति ने इस साल की शुरुआत में युवा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

### देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति की जिंस कीमतों पर नजर

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जिंस कीमतों पर नजर है और इन्हीं के आधार पर वह भविष्य में अपने वाहनों के दाम तय करेगी। दूसरी तिमाही में जिंसों के दाम काफी ऊंचे हो चुके हैं और कंपनी ने इस वृद्धि का पूरा बोझ अभी उपभोक्ताओं पर नहीं डाला है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा ?कि दूसरी तिमाही में बिक्री अनुपात में हमारी सामग्री की लागत 80.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। यह काफी ऊंचा स्तर है। कंपनी को उम्मीद है कि आगे जिंस कीमतों में कमी आएगी। कई जिंसों के दाम अपने अधिकतम स्तर पर है, इसलिए उनको नीचे आना चाहिए। मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के लिए सामग्री की लागत काफी महत्वपूर्ण होती है। ओईएम की कुल लागत में सामान्य तौर पर सामग्री का हिस्सा 70 से 75 प्रतिशत होता है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने सितंबर की शुरुआत में अपने वाहनों के दाम 1.9 प्रतिशत बढ़ाए हैं लेकिन भविष्य की कीमतें तय करने के लिए जिंस कीमतों की दिशा पर नजर रखने की जरूरत होगी। जिंसों के दाम पहली तिमाही में उच्चस्तर पर थे लेकिन मारुति सुजुकी जैसी ओईएम पर इसका प्रभाव एक तिमाही बाद दिखता है। इसका असर मारुति सुजुकी पर दूसरी तिमाही में अधिक पड़ा है। पिछले एक साल के दौरान जिंसों के दाम काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस्पात के दाम 38 रुपए प्रति किलोग्राम से 72 रुपए पर पहुंच गए थे। हालांकि ये अब कुछ नीचे आए हैं। इसी तरह तांबा 5,200 डॉलर प्रति टन से 10,400 डॉलर प्रति टन हो गया है। उन्होंने कहा कि अन्य धातुओं के दाम भी पहले की तुलना में दो तिहाई बढ़ चुके हैं।

### रॉयल एनफील्ड जल्द ही लांच करेंगी दो धांसू बाइक

**नई दिल्ली।** देसी कंपनी रॉयल एनफील्ड जल्द ही दो धांसू बाइक रॉयल एनफील्ड सुपर मेटयोर 350 और 2022 रॉयल एनफील्ड स्क्रेम 411 लॉन्च करने वाली है, जो बेहतरीन लुक और पावरफुल फीचर्स से लैस होगी। माना जा रहा है कि रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 कंपनी के मौजूदा एडवेंचर ऑफ रोडिंग बाइक आरई ?हिमालयम का सस्ता वेरिएंट हो सकती है, जो एडवेंचर बाइक लवर्स के लिए अच्छी खबर है। हाल ही में रॉयल एनफील्ड स्क्रेम 411 की स्पाई इमेज सामने आई है, जिसे टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। रॉयल एनफील्ड की अपकमिंग बाइक एडवेंचर बाइक होगी, जो लुक और फीचर्स के मामले में भी लोगों को आकर्षित करेगी। हाल ही में इसकी लीक इमेज जारी की, जिसमें इसके लुक और डिजाइन के बारे में पता चला है। लीक इमेज के मुताबिक यह हिमालयन से काफी इंस्पायर्ड है। अपकमिंग रॉयल एनफील्ड बाइक में 19 इंच की फ्रंट व्हील, स्पोक व्हील, सिंगल पीस ग्रैब रेल और हिमायलन स्टाइल के फ्यूल टैंक समेत अन्य सिमिलर डिजाइन दिखेंगे।इंजन और पावर की बात करें तो अपकमिंग स्क्रैम 411 में 411सीसी का सिंगल सिलिंडर एयर-कूल्ड एसओएचसी इंजन लगा होगा।

# गेल ने संन्यास लिया पर नहीं की घोषणा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है हालांकि उन्होंने इसकी घोषणा नहीं की है क्योंकि टी20 विश्व कप में अपने और टीम के खराब प्रदर्शन से वह निराश हैं। टी20 विश्वकप के अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद गेल जिस प्रकार बाहर आये उससे उनके संन्यास लेने के संकेत मिले हैं। गेल ने इस मैच में केवल 15 रन बनाये। पवेलियन जाते समय उन्होंने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन भी किया जबकि ड्रेसिंग रूम में पहुंचने पर टीम के साथी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। इस दौरान गेल ने प्रशंसकों को अपने क्रिकेट का सामान भी दिया है। इतना ही नहीं मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सम्मान प्रकट करने के लिए गेल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। कमेंटेटर इयान बिशप ने कहा कि हम शायद अंतिम बार गेल



को वेस्टइंडीज की जर्सी में देख रहे है। इसके अलावा पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने गेल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी, जिसका जवाब देते हुए गेल ने उन्हें शुक्रिया भी कहा। अफरीदी ने ट्वीट किया कि सर्वकालिक महान टी20 खिलाड़ियों में से एक गेल आपको शानदार करियर के लिए बधाई। आपने दुनिया भर के खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। गेल ने कहा कि वह इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाये। इसलिए उन्होंने संन्यास की सार्वजनिक रुप से घोषणा नहीं की। गेल कुल पांच मैचों में 45 रन ही बना पाए। टीम के खराब प्रदर्शन से भी वह दुखी दिखे। टीम टी20 विश्व कप में केवल एक मैच जीत पायी है। गेल ने का कि यह हमारे लिए बहुत निराशजनक विश्व कप था। सबसे दुखद यह रहा है कि यह मेरे करियर के आखिरी पड़ाव पर आया।

### हरभजन ने धोनी को बनाया अपनी पसंदीदा टी20 टीम का कप्तान, विराट को नहीं दी जगह

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर हरभजन सिंह ने अपनी पसंदीदा ऑल टाइम टी20 इलेवन बनायी है। इस टीम की कप्तानी उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को सौंपी है हालांकि उन्होंने अपनी टी20 टीम में भारतीय कप्तान विराट कोहली को शामिल नहीं किया है। हरभजन ने अपनी इस टीम के सलाली बल्लेबाज के तौर पर रोहित शर्मा और वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल को रखा है। वहीं नंबर 3 पर इंग्लैंड के जोस बटलर को रखा है जबकि नंबर 4 पर हरभजन ने ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन को शामिल किया है। वॉटसन ने नवंबर 2020 में क्रिकेट के सभी रूपों को अलविदा कह दिया का। हरभजन ने कहा कि वॉटसन में ऑलराउंड प्रदर्शन करने और अपनी टीम को मैच जीतने की क्षमता है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स को पांचवे , धोनी को छठे और वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड को सातवें और आठवें नंबर पर रखा है। इस अनुभवी गेंदबाज ने कहा कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया जा सकता है और पोलार्ड को जरूरतों के आधार पर ऊपर और नीचे ले जाया जा सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि पोलार्ड के बिना कोई भी टी20 टीम अधूरी है। इसके साथ ही हरभजन ने अपनी इस टीम में रहस्यमयी स्पिनर सुनील नरेन को भी रखा है जिन्होंने दुनिया भर में कई टी20 लीग्स में खेला है। हरभजन ने इसके अलावा लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह को भी विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के तौर पर रखा है।

### फिट रहने तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहते हैं ब्रावो

**अबुधाबी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने कहा है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जरुर संन्यास ले लिया है पर वह अभी भी अगले कुछ वर्षों तक फेंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहते हैं। ब्रावो ने कहा कि उन्होंने युवा खिलाडियों को अवसर देने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। यह दूसरी बार है जब ब्रावो ने खेल को अलविदा कहा है। इस खिलाड़ी ने टीम को फिर से खिताब दिलाने के लिए साल 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी पर उससे कोई लाभ नहीं हुआ। वेस्टइंडीज टीम इस बार पांच मैचों में से केवल एक मैच जीत पायी और टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। ब्रावो ने कहा कि जब तक मेरा शरीर फिट रहेगा और साथ देगा, मैं कुछ और वर्षों तक फेंचाइजी क्रिकेट खेलता रहूंगा।

## राहुल द्रविड़ पर बतौर हेड कोच कई चुनौतियां, आईसीसी ट्रॉफी की उम्मीद बनेगी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज और भरोसेमंद के नाम से विख्यात बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को टीम इंडिया का हेड कोच नियुक्त कर दिया गया है। टी-20 विश्व कप के खत्म होने के बाद वह अपना कार्यकाल संभालेंगे। हालांकि, द्रविड़ के सामने कई चुनौतियां होंगी क्योंकि अगले दो साल में टीम को दो वर्ल्ड कप खेलने हैं और उसके लिए टीम को तैयार करना होगा। साथ ही आईसीसी टूर्नामेंट्स में सेमीफाइनल और फाइनल तक का सफर तय करने के बावजूद ट्रॉफी को हासिल ना कर पाने की कमजोरी पर भी द्रविड़ को काम करना होगा। भारतीय टीम ने साल 2013 में आखिरी आईसीसी ट्रॉफी जीती थी और उसके बाद से टीम खिताब के करीब तो पहुंची पर उस पर कब्जा नहीं जमा सकी है। टेस्ट क्रिकेट में तो टीम लगातार अच्छा कर रही है, लेकिन द्रविड़ के सामने लिमिटेड ओवर में टीम के प्रदर्शन को सुधारने की चुनौती होगा खासतौर पर टी-20 क्रिकेट में, जहां टीम की स्थिति काफी नाजुक दिखाई देती है। टीम इंडिया में अभी भी सुपरस्टार खिलाड़ियों की भरमार है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो सीरीज़ जीत चुकी है, इंग्लैंड में सीरीज़ जीत से बस एक कदम दूर है, घर में अपराजेय है और पिछले आठ आईसीसी टूर्नामेंट के कम से कम सेमीफ़ाइनल तक पहुंची है। हालांकि यह टीम इंडिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण और बदलाव का समय है। टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी अपने करियर के लगभग अंतिम पड़ाव पर हैं। कप्तान विराट कोहली ने टी20 की कप्तानी छोड़कर इसके संकेत भी दे दिए हैं। उनके उपकप्तान रोहित शर्मा, उम्र में उनसे बड़े ही हैं। इसके अलावा शमी, आश्विन, पुजारा और रहाणे जैसे कई खिलाड़ी 30 की उम्र को पार कर चुके हैं।

चयनकर्ताओं के साथ कोच द्रविड़ को भी इस बदलाव के दौर में बहुत सावधान रहना होगा। इससे पहले के टीम मैनेजमेंट को टीम के अंदर किसी ख़ास चुनौती का सामना करना पड़ा था। कप्तान कोहली के सामने भी कोई अधिक वरिष्ठ या कठिन कैरेक्टर नहीं था। बीच में कोच अनिल कुंबले आए थे, तो उन्हें दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से हटना पड़ा। मैदान में द्रविड़ के लिए चुनौतियां बहुत सीधी-सीधी हैं। भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में पहले से अच्छा कर रही है, लेकिन लिमिटेड ओवर की क्रिकेट में टीम का हाल उतना अच्छा नहीं है। वह लगातार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मैचों में पराजित हो रही है और विश्व की सबसे बड़ी टी-20 लीग होने के बावजूद अभी टी-20 वश्वि कप के पहले राउंड से ही बाहर होने की कगार पर है। इस समय भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, वास्तव में कहें तो उनके पास खिलाड़ियों की खदान है। द्रविड़ और नए कप्तान को इन प्रतिभाओं का उपयोग लिमिटेड ओवर क्रिकेट में बहुत बुद्धिमत्ता से करना होगा। जो भी भारतीय क्रिकेट की प्रतिभाओं को जानते हैं, वे सीमित ओवर क्रिकेट में भारत की हालिया विफलताओं पर आश्चर्य करते हैं।

## खराब रन रेट के कारण बाहर हुई दक्षिण अफ्रीका: बाउचर

**शारजाह।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा है कि खराब नेट रन रेट के कारण ही उनकी टीम टी20 विश्व कप से बाहर हुई है। इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती थी पर नेट रन रेट कम होने के कारण पांच में से चार मुकाबले जीतने के बाद भी वह शीर्ष चार में नहीं पहुंच पायी। अपने अंतिम ग्रुप मैच में भी दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 10 रन से हराया था पर इसके बाद भी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के भी आठ-आठ अंक थे पर ये दोनों टीमें अच्छे नेट रन रेट के कारण सेमीफाइनल में पहुंच गयीं। बाउचर ने कहा, 'यह सफल नहीं रहा क्योंकि आप विश्व कप से बाहर हो गए। यह बेहद निराशाजनक है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमने काफी अच्छा खेला, पहला मैच हारने के बाद भी हमने काफी दबाव में खेलते हुए बाकी सभी मैच जीते। इंग्लैंड से मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड को 130 रन से कम के स्कोर पर रोकना था पर टीम ऐसा नहीं कर पायी। बाउचर ने कहा, 'ड्रेसिंग रूम में मौजूद खिलाड़ियों के लिए यह कठिन समय रहा है। हमें पता था कि हमें क्या करना है पर यह आसान नहीं था।

उन्होंने कहा, 'मैंने खिलाड़ियों से कहा कि सिर्फ उन्हीं चीजों को नियंत्रित करने का प्रयास कीजिए जिसे हम नियंत्रित कर सकते हैं। हम अन्य परिणामों को नियंत्रित नहीं कर सकते। हमने आज अच्छा काम किया लेकिन इसे हजम करना आसान नहीं है। कोच के अनुसार दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ मौकों का फायदा उठाने में विफल रही। इसके बाद टीम के पास बांग्लादेश के खिलाफ अपने नेट रन रेट में सुधार का मौका था। टीम ने हालांकि 85 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 13.3 ओवर लिए। अगर टीम आठ ओवर के भीतर लक्ष्य हासिल कर लेती तो चीजें अलग हो सकती थी। बाउचर हालांकि टूर्नामेंट में टीम के अच्छे प्रदर्शन से खुश हैं और उनका मानना है कि इससे भविष्य के लिए टीम को फायदा होगा।

## 18,300 करोड रुपए जुटाने आज खुलेगा पेटीएम का आईपीओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान और वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) 8 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। कंपनी इसके जरिए 18,300 करोड रुपए जुटाना चाहती है। पेटीएम के आईपीओ का बैंड 2080 से 2150 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। अगर पेटीएम का आईपीओ सफल होता है तो साल 2010 में कोल इंडिया लिमिटेड के शेयर बिक्री के बाद यह सबसे बड़ा प्राइमरी शो साबित हो सकता है। पेटीएम के बारे में हर कोई जानता है और लोग जमकर इसका इस्तेमाल भी करते हैं, लेकिन क्या आपके ट्रांजेक्शन करने से कंपनी को फायदा हो रहा है? नहीं, कंपनी लगातार नुकसान झेल रही है। वित्त वर्ष 2021 में पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने 1701 करोड़ रुपए का नुकसान दर्ज किया है। ग्रे मार्केट में डिजिटल पेमेंट्स कंपनी पेटीएम का आईपीओ करीब 140 रुपए प्रीमियम दिखा रहा है। यानी उम्मीद की जा रही है कि यह शेयर 2300 रुपए के ऊपर ही लिस्ट होगा। लगातार आठवें साल पेटीएम को नुकसान हुआ है। कंपनी के सीईओ विजय शेखर शर्मा ने जनवरी 2021 में कहा था कि इस बार कंपनी मुनाफे में आ सकती है, क्योंकि कोरोना की वजह से डिजिटल ट्रांजेक्शन में तेजी देखी गई है, लेकिन नतीजे नेगेटिव रहे। इससे पहले साल 2020 में भी कंपनी को 2942 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। पेटीएम आईपीओ के जरिए मौजूदा निवेशक 10,000 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री करेंगे, जबकि बाकी 8300 करोड़ रुपए के ताजा शेयर जारी होंगे। पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा, जापान का सॉफ्टबैंक, चीन के एंट ग्रुप, अलीबाबा और इलीवेशन केपिटल कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे।

## एलन मस्क टैक्स से बचने बेचेंगे टेस्ला के शेयर, ट्विटर पर पोल किया शुरू

### एलन मस्क सोशल मीडिया साइट पर अपने प्रशंसकों से जानना चाहते हैं उनकी राय

**नई दिल्ली।** दुनिया प्रमुख रइसों में से एक टेस्ला इंक के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर पर एक पोल शुरू किया है। एलन मस्क ने इस पोल में लोगों से पूछा है कि क्या उन्हें टेस्ला के 10 फ़ीसदी शेयर बेच देना चाहिए। सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर एलन मस्क के 62 मिलियन से अधिक फॉलोअर हैं। एलन मस्क ने टेस्ला इंक के 10 फ़ीसदी शेयर बेचने के लिए अपने प्रशंसकों की राय जानने की इच्छा व्यक्त की है। सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर अपने प्रशंसकों से एलन मस्क इस बारे में राय उनकी राय जानना चाहते हैं। ट्विटर पोल वास्तव में इस तरह के फैसले लेने के लिए अनौपचारिक माध्यम है। एलन मस्क ने पहले कहा है कि वह इस साल की चौथी तिमाही में टेस्ला इंक में अपनी



हिस्सेदारी कम करने पर विचार कर रहे हैं। सितंबर में कोड कॉन्फ्रेंस में एलन मस्क ने कहा था कि टेस्ला इंक में उनका स्टॉक ऑप्शन एक्सपायर होने वाला है। इसके लिए उन्हें सरकार को 50 फ़ीसदी से अधिक टैक्स चुकाना पड़ सकता है। इस वजह से वे चाहते हैं कि स्टॉक ऑप्शन एक्सपायर होने से पहले वे अपनी हिस्सेदारी बेचकर पैसे जुटा सकें।

टेस्ला इंक के मालिक एलन मस्क ने कोड कांफ्रेंस में कहा था ?कि मेरे पास कई ऐसे विकल्प हैं जो अगले साल की शुरुआत में समाप्त हो रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस साल की चौथी तिमाही में इन्हें बेच दिया जाए। मुझे ऐसा करना पड़ेगा नहीं तो वह बेकार हो जाएंगे। टेस्ला के कई अन्य मौजूदा और पूर्व बोर्ड सदस्यों ने भी अपना स्टॉक ऑप्शन बेच कर लाखों डॉलर कमा लिया है। कंपनी के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से शानदार तेजी दर्ज की जा रही है और इस वजह से जिनके पास भी टेस्ला इंक के स्टॉक ऑप्शन हैं, वह इसे बेचकर शेयर में तेजी का फायदा उठाने में जुटे हैं। टेस्ला के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। एक तरफ कंपनी भारत जैसे बड़े बाजार में प्रवेश करने पर ?विचार कर रही है। भारत सरकार ने भी एलन मस्क की कंपनी को भारत में कारोबार करने की इजाजत दे दी है। पिछले हफ्ते टेस्ला का शेयर पहली बार 1,000 डॉलर (करीब 75,000 रुपए) के स्तर को पार कर गया। नेस्डेक पर टेस्ला का शेयर अभी करीब 1,100 डॉलर (करीब 82,400 रुपए) पर है।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन कमजोर सोयाबीन दाना एवं लूज में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में सोयाबीन डीगम का भाव टूटने तथा पामोलीन के महंगा होने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल, बिनौला तेल सहित सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन के भाव गिरावट का रुख प्रदर्शित करते बंद हुए। सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) और सरसों खली की स्थानीय मांग होने के कारण सोयाबीन दाना एवं लूज के भाव लाभ के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा कि विदेशों में सूरजमुखी की



अच्छी फसल होने की खबर से सोयाबीन के भाव टूट रहे हैं। इस वजह से सोयाबीन डीगम का आयात भाव 1,480 डॉलर से घटकर 1,420 डॉलर प्रति टन रह गया है। सोयाबीन डीगम का भाव टूटने का असर सोयाबीन के बाकी तेलों पर भी हुआ और इनके भाव समीक्षाधीन सप्ताह में नरमी के साथ बंद हुए। सरसों दाने का भाव 10 रुपए घटकर 8,970-8,995 रुपए प्रति क्विंटल रह गया, जो पिछले सप्ताहांत 8,975-9,005 रुपए प्रति क्विंटल था। सरसों दादरी तेल का भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले 150 रुपए टूटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 17,800 रुपए क्विंटल रह गया। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें 25-25 रुपए घटकर क्रमशः 2,685-2,725 रुपए और 2,760-2,870 रुपए प्रति टिन रह गईं। गिरावट के आम रुख के विपरीत, सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग के बीच समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव 75-75 रुपए सुधरकर क्रमशः 5,475-5,575 रुपए और 5,275-5,375 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

दूसरी ओर समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 300 रुपए, 350 रुपए और 400 रुपए की हानि के साथ 13,650 रुपए, 13,400 रुपए और 12,000 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली का भाव समीक्षाधीन सप्ताहांत में 50 रुपए टूटकर 6,050-6,135 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात का भाव 50 रुपए की हानि के साथ 13,750 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जबकि मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड का भाव 10 रुपए की गिरावट के साथ 2,005-2,130 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,18,930.01 करोड़ रुपए बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय स्टेट बैंक



(एसबीआई) रहीं। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 40,782.04 करोड़ रुपए बढ़कर 12,98,015.62 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई के बाजार मूल्यांकन में 25,033.54 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,73,406.02 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,158.49 करोड़ रुपए के उछाल से 7,18,890.08 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी की 10,153.08 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,24,370.77 करोड़ रुपए रही। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 7,502.68 करोड़ रुपए बढ़कर 4,54,304.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 6,978.29 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,69,458.69 करोड़ रुपए तथा एचडीएफसी बैंक का 6,453.41 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 8,82,981.83 करोड़ रुपए रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का मूल्यांकन 4,868.48 करोड़ रुपए के उछाल से 4,07,881.48 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक को लेकर एक युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम टेहनगुर में बाइक न देने को लेकर एक युवक की दो लोगों ने एकराय होकर मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सूरजसिंह पुत्र लवकुश राजावत निवासी सेनबोर्ड ने बताया शनिवार रात 11 बजे उसी गांव निवासी छोटू राजावत पुत्र राजीव राजावत, रंजीत पुत्र अवधेश राजावत ने बाइक न देने को लेकर उनके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### जिला स्तरीय दावे आपत्ति की बैठक आज

**भिण्ड ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाडी कार्यकर्ता/ उप कार्यकर्ता एवं सहायकाओं की नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर दावे आपत्ति निराकरण समिति की बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड की अध्यक्षता में 8 नवम्बर 2021 को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में की जाएगी। बैठक से संबंधित समिति सदस्यगणों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**भिण्ड।** रावतपुरा थाना क्षेत्र के दबोह-लहार रोड गजराजसिंह होटल के सामने एक बाइक चालक जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार जनकसिंह पुत्र अमूलेसिंह जाटव निवासी जैतपुरा ने बताया उसका लड़का इंदल उम्र 35 वर्ष जो बाइक दबोह-लहार रोड गजराजसिंह होटल के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### पटाखे चलाने को लेकर हुआ झगड़ा, हुई एफआईआर दर्ज

**भिण्ड।** फूप थाना क्षेत्र के ग्राम दुल्हागन में पटाखे चलाने को लेकर एक युवक के साथ चार लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर दी और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिपावली के दिन शाम 7 बजे आकाश पुत्र उमाशंकर गोस्वमी निवासी बोरेश्वर ने पटाखे चलाने के लिए जब उसी गांव निवासी वीरेन्द्र गोस्वमी, कृष्णा गोस्वमी, श्याम सुन्दर गोस्वामी, शीलू गोस्वामी को मना किया तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अस्पताल से बाइक चोरी

**भिण्ड।** दबोह थाना क्षेत्र के अस्पताल से अज्ञात चोरों ने एक बाइक को निशाना बनाया और चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार धर्मेन्द्र पुत्र शालिकराम पाठक निवासी बीसणपुरा ने बताया विगत 2 नवम्बर दोपहर 11.30 बजे उसकी बाइक हीरो होण्डा स्पलेंडर क्रमांक एमपी30 एमई0349 क्षेत्र के अस्पताल में खड़ी हुई थी, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बाइक पार कर दी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी व एसएसए को पत्र जारी कर विद्यालयों से कम से कम 8 से 10 ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने के निर्देश दिए है। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा है कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2022 के माध्यम से कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी मान्यता प्राप्त सभी प्रायमरी विद्यालयों में वर्तमान कक्षा 5वीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी आवेदन के पात्र है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी/डीपीसी/एसएसए से कहा कि सभी विद्यालयों से अनिवार्य रूप से कम से कम 8 से 10 आवेदन पत्र ऑनलाईन भरवाने हेतु जिले के सभी प्रायमरी विद्यालयों के प्राधानाध्यापको को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ ले सके। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। उपरोक्त परीक्षा की समस्त प्रक्रिया हेतु आपको नोडल अधिकारी एवं संबंधित समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो एवं प्राधानाध्यापको को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु दिशा निर्देश जारी कर कार्यालय को प्रति सप्ताह प्रगति देना सुनिश्चित किया जावे।

# संस्कारो का महासागर है सरस्वती विद्या मंदिर : राजेन्द्र सिंह ठाकुर




### सरस्वती शिशु मंदिर असवार में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन

**भिण्ड।** रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर असवार में पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि राजेन्द्र सिंह ठाकुर जिला प्रमुख ग्राम भारती, समिति अध्यक्ष लल्लू प्रसाद त्यागी एवं व्यवस्थापक कमल किशोर त्यागी जी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया उसके बाद ब्रह्म दीक्षित आचार्य जी द्वारा माँ बिद्याबाहिनी की बंदना का गायन किया गया उसके पश्चात पूर्व छात्र देवेंद्र त्यागी द्वारा अतिथियों का परिचय कराते हुए पूर्व छात्रों से अतिथियों का तिलक लगाकर एवम श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम बक्ता के रूप में कोमल शर्मा आचार्य द्वारा कम शब्दों में अपनी बात कही और सरस्वती शिशु मंदिर को संस्कारो का महासागर बताया और आगे उन्होंने कहा कि जब कोई हमारी संस्था का अध्ययन किया हुआ छात्र एक अच्छे औधे पर आकर अपनी बात में सरस्वती शिशु मंदिर की बात रखता है तो मन प्रफुल्लित हो उठता है आगे की कड़ी में दिनेश दीक्षित आचार्य जी ने सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर की आगे की रूप रेखा जिसमे छात्र को पढ़ाई के साथ स्वरोजगार के तरीके भी सिखाये जाएंगे पर प्रकाश डाला और सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र कभी गलत रास्ते पर नही चल सकते ये बात बड़े ही भरोसे के साथ कही उनके बाद जयश्रीराम प्रजापति प्राचार्य दबोह ने कहा कि अगर कोई छात्र कही जाकर अपने संस्कारो से सबके बीच मे बैठकर अपनी बात मानबता है यही हमारी सोच है और यही हम चाहते है आगे उन्होंने कहा कि अगर देश मे सबमे संस्कार होते तो सरस्वती विद्यालय की कोई आवश्यकता नही होती हम अपनी संस्था में संस्कारों को प्रधानता देते है और चाहते है कि हमारी शाला से निकला हुआ छात्र संस्कार बान हो कार्यक्रम के अंत मे मुख्यातिथि राजेन्द्र ठाकुर ने सरल शब्दों में अपनी बात रखते हुए कहा कि सब्र कर बंदे बो दिन भी गुजर जाएंगे और एक दिन सब हंसने बालों के चेहरे भी उतर जाएंगे आगे उन्होंने कहा कि हमारी शुरुआत बंदना ओर हरिओम से की जाती है और हमारी ही एक ऐसी संस्था है जिसमे शिक्षकों को आचार्य का दर्जा दिया जाता है। छात्र-छात्राओं को भैया बहिन बोलकर सम्बोधित किया जाता है हमारी संस्था संस्कार प्रधान है और यही हमारी पूंजी है कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य चंद्रोदय आचार्य जी द्वारा किया गया इस मौके पर धनन्जय त्रिपाठी, राहुल शिवहरे सम्पादक, मोनू उपाध्याय, बिकास त्यागी आदि अतिथि एवं पूर्व छात्र मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**भिण्ड।** मौ थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सालमपुरा के पास की घटना, काली के अनुसार की घटना शनिवार शाम 7:00 बजे की है, हरगोविंद उर्फ बुद्ध सिंह पिता धनीराम उम्र 65 वर्ष अपने पुत्र मनीष उम्र 26 साल के साथ अपनी बेटी दामाद बहादुरी के यहां भाई दूज



पर टीका कराने के लिए करबास छेरेंटा कॉलोनी गए हुए थे परंतु लौटते वक्त सालमपुरा गांव से जैसी आगे निकले कि उसी समय एक ट्रैक्टर चालक खेत की जुताई करके अपने घर के लिए रोड पर चढ़ने वाला था कि अचानक मोटरसाइकिल चला रहे मनीष की मोटरसाइकिल ट्रैक्टर से टकरा गई, टक्कर लगते ही पिता पुत्र सड़क पर उछलकर दूर जा गिरे जिस कारण धनीराम के पैर और हाथ में गंभीर चोटें आई और उनके पैर की हड्डी टूट गई पास ही गिरे उनके पुत्र मनीष की भी पैर की हड्डी टूट गई और बुरी तरीके से पिता-पुत्र लहूलुहान हो गए, और सड़क पर तड़पने लगे मौके का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया, राहगीरों मैं तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस और 100 डायल के लिए फोन लगाया, मौ थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी एवं ईएमटी शैलेश थापक और उसी समय एंबुलेंस के पास खड़े आरक्षक 1111 गंधर्व सिंह गुर्जर शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचे, और घायल मरीजों की गंभीर अवस्था हालत को देखते हुए शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ, में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल ऑफिसर डॉ विकाश कौरव ने दोनों पिता-पुत्र हरगोविंद और मनीष को वही मौके पर मौजूद 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन लगाकर ग्वालियर जय रोग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# विधायक ने जनता दरबार मे सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिया निराकरण का आश्वासन

### ग्राम पेवली में बसपा के तत्वाधान बघेल समाज द्वारा किया गया कार्यक्रम आयोजित

**भिण्ड।** भिंड विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेवली में रविवार को बहुज समाज पार्टी के तत्वाधान में बघेल समाज द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बसपा विधायक संजीवसिंह कुशवाह उर्फ संजू ग्रामीणों के बीच पहुंचे, इसी दौरान ग्रामीणों ने गांव की सभी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया, तो उन्होंने सभी समस्या का निराकरण करने के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने विधायक को बताया उनके गांव में बिजली, पानी सहित सड़क के लिए वर्षो से परेशान होना पड़ रहा है अभी तक जितने नेता आये उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया है अब आपस से ही विकास की उम्मीद है। इस अवसर पर सदर विधायक संजीवसिंह कुशवाह ने तुरंत विधायक निधि से गांव के प्रवेश द्वार हेतु 2 लाख रुपये, विद्युत व्यवस्था, नवीन बिजली ट्रांसफर्मर सहित पानी की समस्या के निराकरण हेतु 4 नवीन



हैंडपंप खनन कराने का आश्वासन दिया। इतना ही विधायक ने कहा जल्द ही सभी परेशानियों का निराकरण किया जायेगा। विधायक ने ग्रामीणों से कहा मेरे होते हुए किसी को परेशान होने की जरुरत नहीं है सभी काम किये जायेगे।



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेवली में एक बुर्जुग का विगत दिनों निधन हो गया था, जिसकी सूचना जैसे ही विधायक संजीवसिंह कुशवाह को लगी तो तुरंत शोकाकुल परिवार के बीच उन्हें ढ़ढांस बंधाने के लिए पहुंचे।

## मानवता की पाठशाला सदस्यों द्वारा झुग्गी झोपड़ी में बच्चों के बीच मनाया भाईदूज का त्यौहार



**भिण्ड।** दुनिया के तमाम रिश्तों में भाई और बहन के रिश्ते की अपनी अलग ही पहचान है, कभी भाई अपने बहन के लिए पिता तो कभी मां का दायित्व निभाते नजर आते हैं तो कभी बहन अपने भाईयों के लिए मां और पिता का फर्ज़ अदा करती हैं। आज इसी रिश्ते की डोर को मजबूत करने की अभिलाषा लेकर मानवता की पाठशाला के सदस्यों द्वारा कीर्ति स्तम्भ मंदिर के पीछे झुग्गी झोपड़ी बस्ती में बच्चों के साथ भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां भाईयों को बहनों के द्वारा माथे पर तिलक करके उनकी लंबी उम्र की एवं आगामी जीवन में सफलता की कामना की गई। साथ ही साथ मानवता ग्रुप की बहनों द्वारा ग्रुप के भाईयों को तिलक किया एवं उनकी



दीर्घ आयु व उन्नति की कामना भी की। वास्तव में; यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसे शब्दों में बयां कर पाना नामुमकिन सा है। इस अवसर पर बबलू सिन्धी, तिलक सिंह भदौरिया, प्रभात राजावत, ओम सर, दीपक चावला, रानी जैन, पूजा मिश्रा जी, सलोनी जैन, आशा जैन, रेखा जैन, जूही जैन, आरती जैन ,हेमा जैन, आरुष जैन आदि सदस्य उपस्तिथ रहे।

## आवाम ने टीआई गोपाल का रास्ता रोक किया आत्मीय सम्मान



**गोहद।** गोहद टी आई गोपाल सिकरवार ने गोहद में आमददर्ज कराते ही अपराधों जैसे खुलेआम शराब बिक्री स्मेक, जुआ, सट्टा, पर सम्पूर्ण विराम दे दिया। इधर दीपावली त्यौहार को देखते नगर में बेहतरीन पुलिसिंग यातायात सुगम नगर में स्वयं के द्वारा सारा सारा दिन पैदल गस्त घंटों सेवाएं दी जिससे कई छोटी-मोटी वारदातों पर अंकुश लगा इस सब माहौल से लोगों यानी आवाम जनता के हृदय में घर कर गये आज जब वो गंज बाजार से गुजर रहे थे तो कुछ समाजसेवी चाहे कुशवाहा हो राठौर हो मुस्लिम हो खटीक हो सब ने मन बना लिया और गंज बाजार में टीआई को गाड़ी रोक उतार लिया फिर क्या आत्मीय खुशी जाहिर करते उनको बधाई देते हुए फूल मालाओं से सम्मानित कर दीया साथी बेहतरीन पुलिसिंग की बधाई दी लोगों ने कहा कि अभी तक ऐसी पुलिसिंग त्योहारों पर देखने को नहीं मिली ऐसी व्यवस्था हम लोग को पहली बार देखने को मिली है यहां आरक्षक संजय दुबे परशुराम रावत का भी सम्मान किया गया।

## मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति की नीलगाय से टकराने से सांसे उखड़ी, चार साल की बच्ची की हालत नाज़ुक

**भिण्ड।** पावई थाना अंतर्गत आने वाले पिथनपुरा चौराहे की घटना प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम पुष्पा पति राजेश उम्र 35 साल निवासी पिपाहडी हेट अपनी निजी मोटरसाइकिल से, अपने रिश्तेदार के यहां भाई दूज पर टीका करने के लिए अपने पति और दोनों बच्चियों उपनाम रोशनी उम्र 4 साल और रागिनी उम्र 1 साल के साथ भिंड जा रही थी परंतु पिथन पुरा चौराहे के पास अचानक नीलगाय निकल पड़ी पुष्पा का पति राजेश कुछ समझ पाता उससे पहले इनकी मोटरसाइकिल नील गाय से



टकरा गई जिस कारण पति पत्नी और दोनों बच्चियां सड़क पर उछलकर दूर जा गिरी, और पति पत्नी का सर फट गया जिस कारण वे दोनों काफी लहूलुहान हो गए और इनकी बच्ची के सर में भी गंभीर चोट आई, और पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई तथा इनकी दोनों बच्चियां इनकी उम्र 4 साल की एक 1 साल की है उनको शीघ्र हंड्रेड डायल की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद 4 साल की बच्ची रोशनी उसके सर में गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों के द्वारा उसे 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के माध्यम से ग्वालियर मेडिकल कॉलेज जय रोग अस्पताल के लिए फोन पर सूचना देकर रेफर कर दिया गया देहात थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट रायसिंग और ईएमटी मधुराज शर्मा ने बिना देर किए शीघ्र जिला अस्पताल भिंड पहुंचे और बच्ची की गंभीर अवस्था को देखते हुए, बिना देरी किए, कर्तव्यनिष्ठा को अपनाते हुए गंभीर घायल बच्ची को शीघ्र ही ग्वालियर जय रोग अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाया और इलाज जारी करवाया,जिससे उसकी जान बचाई जा सके।

## गोहद नगर पालिका में बीपी गुर्जर होंगे विधायक प्रतिनिधि

**गोहद।** गोहद नगर पालिका परिषद में क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव ने अपनी अनुपस्थिति के दौरान अपना विधायक प्रतिनिधि गोहद चौराहा निवासी डॉक्टर बी पी गुर्जर को मनोनीत किया है डॉक्टर बी पी गुर्जर युवा छात्र नेता है और पिछले काफी लंबे समय से कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं गुर्जर को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर गोहद



नगर के युवा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बी पी गुर्जर ने कहा है कि नगरीय क्षेत्र में जनमानस को मिलने वाली सुविधाएं सहज आम नागरिक तक उपलब्ध हो इसके लिए शतत नगर पालिका में नजर रखूंगा और आम जनमानस को उन सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा विधायक प्रतिनिधि मनोनीत होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुर्जर को दी बधाई बधाई देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टोनी मुद्गल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशीष गुर्जर पूर्व जनपद सदस्य देवी सिंह तोमर रामहेत जाटव साबू खान नरोत्तम चौरसिया बबलू बरया कुलदीप सिंह संग्राम सिंह सेलू जे, पी खन्ना इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# चीन का हाइब्रिड वारफेयर

दिवाली के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी जब जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में सेना के 80 ब्रिगेड के हेडक्वॉर्टर पर पहुंचे तो उन्होंने सैनिकों से मुलाकात में चीन की ओर से पैदा नए तरह के खतरे को लेकर भी आगाह किया। यह खतरा थल, जल या नभ में नहीं बल्कि हाइब्रिड वारफेयर की चीन की रणनीति का है। उन्होंने कहा कि हमें बदले हुए हालातों में युद्ध के नए तरीके को समझना होगा और उसके मुताबिक ही अपनी तैयारी करनी होगी। पीएम नरेंद्र मोदी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पेंटागन की एक रिपोर्ट में भी चीन की ओर से एलएसी की 1957 किलोमीटर सीमा पर ऑप्टिकल फाइबर बिछाने की पुष्टि की गई है। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने पहले ही अपनी रिपोर्ट में यह बात कही थी, जिसकी पुष्टि अमेरिका की ओर से की गई है। ऑप्टिकल फाइबर की मदद से चीन को सीमा पर जल्दी से हथियारों और सैनिकों की तैनाती में मदद मिलेगी और उसके लिए निर्णय लेना आसान हो सकेगा। 2009 की एक चीनी रिपोर्ट लेक्चर्स ऑन जॉइंट कैंपेन इंन्फॉर्मेशन ऑपरेशंस का अनुवाद अमेरिकी वायुसेना के चाइना एयरोस्पेस स्टडीज की ओर से किया गया है। इसमें यह बताया गया है कि चीन कैसे अमेरिका के साथ भविष्य में नॉन-काइनेटिक यानी गैर-परंपरागत युद्ध की ओर आगे बढ़ सकता है। चीन की इस 438 पन्नों की रिपोर्ट में अमेरिकी युद्धों का भी विश्लेषण किया गया है। इसके मुताबिक 1993 के खाड़ी युद्ध के दौरान दुश्मन के टारगेट की खोज करने से लेकर हमले तक के बीच में 100 मिनट का वक्त लगता था। यह समय 2003 के इराक युद्ध के दौरान घटकर 10 मिनट का ही रह गया। चीन की रणनीति यह है कि फॉरवर्ड इलाकों को फाइबर ऑप्टिकल के जरिए मुख्य शहरों से जोड़ा जा सके। इससे सूचना आसानी से मिल सकेगी और वह जल्दी फैसले ले सकेगा। इसी के तहत चीन ने लद्दाख में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने पर फोकस किया है। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने लद्दाख के पास एलएसी सीमा पर रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की तैनाती कर रखी है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश के पास निंगची में उसने गार गुन्सा में एक एयरबेस के पास भी उसने ऐसे ही सिस्टम की तैनाती कर रखी है। इसका सीधा अर्थ यह है कि यदि सीमा पर किसी भी तरह से माहौल बिगड़ता है तो वह तत्काल रेस्पॉन्स दे सकेगा। नौशेरा में पीएम नरेंद्र मोदी ने सैनिकों, उनके डिविजन और ब्रिगेड कमांडर्स को बताया कि भविष्य में युद्ध दूसरे विश्व युद्ध से अलग मोड पर होंगे। हाइब्रिड वारफेयर से अर्थ यह है कि भविष्य में जमीन पर जो भी युद्ध लड़े जाएंगे, उसमें सूचना भी एक बड़ा फैक्टर होगी। चीनी रिपोर्ट के मुताबिक इन्फॉर्मेशन वारफेयर के तहत वह इलेक्ट्रॉनिक अटैक लॉन्च करेगा। इसके अलावा कम्प्यूटर नेटवर्क वारफेयर भी उसके टारगेट में है। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग, काउंटर रेडिएशन वेपन अटैक और स्पेशल इन्फॉर्मेशन वारफेयर वेपन अटैक भी रणनीति का हिस्सा है।

# अगले चुनावों खातिर नई इबारत गढ़ गए ये उपचुनाव!

**ऋतुपर्ण दवे**

कुछ ही महीनों बाद 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले हुए इन आखिरी उपचुनाव ने बेहद दिलचस्प राजनीतिक तस्वीरें पेश की है। सरसरी तौर पर मिले जुले से दिखने वाले परिणामों के बहुत ही गहरे मायने हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि फर्श से अर्श पर बिठाने वाली जनता ने सत्ता के सिंहासन पर आसीनों को अपनी ताकत का एहसास करा दिया हो? दरअसल इन नतीजों के मायने कुछ भी लगाएं जाएं लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये उपचुनाव लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए अलग-अलग संकेत हैं। राजनीतिज्ञ ही समझें कि जनता को भाग्य विधाता मानने का ढ़िंढ़ोरा पीटने वाले कब तक लोकहितों को नजर अंदाज करेंगे? तीन लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को केवल एक पर सफलता मिलना पार्टी के लिए मायूसी और निराशा का सबब तो है ही लेकिन विधानसभा के नतीजे भी आशातीत नहीं कहे जा सकते। भले ही भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 15 विधानसभा और 1 लोकसभा सीट पर जीत मिली हो, लेकिन 14 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों का राजनीतिक विरोधियों के खाते में चले जाना किसी खतरे की घण्टी जैसा ही है।

तीनों लोकसभा उपचुनाव के नतीजों ने सीधे-सीधे मंहगाई और उसमें भी खासकर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बेलगाम बढ़ते दामों पर नाखुशी के साफ संकेत दिए हैं तो विधानसभा के नतीजों को राज्य सरकारों के प्रति जनता का कितना विश्वास, कितना अविश्वास, कह सकते हैं। निश्चित रूप से हिमाचल में जहां भाजपा की साख गिरी तो वहीं असम में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। मध्य प्रदेश, उत्तर-पूर्व और तेलंगाना में भाजपा पर भरोसा तो दादर नगर हवेली लोकसभा सीट में शिवसेना की महाराष्ट्र से बाहर हुई धमाकेदार जीत के कुल मिलाकर मिले-जुले नतीजों से कोई भी दल ईमानदारी और साफ दावे के साथ कुछ भी कह पाने की स्थिति में जरूर नहीं है। लेकिन जनता का स्पष्ट इशारा जरूर है।

नतीजों के बाद की दिलचस्प तस्वीरें कुछ ऐसी हैं। आँध्र प्रदेश की एक सीट में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी वाईएसआर कांग्रेस दोबारा जीती तो असम की सभी 5 सीटें भाजपा और सहयोगियों को खाते में गईं। बिहार की दोनों सीटों पर जदयू का जलवा बरकरार रहा तो हरियाणा में इंडियन नेशनल लोक दल के अभय चौटाला के ही इस्तीफे से खाली सीट फिर उन्ही का भाजपा-जजपा तथा कांग्रेस को हराकर जीतना, सत्ताधारी दल को चुनौती रही। हिमाचल प्रदेश की 1 लोकसभा और 3 विधानसभा सीटों पर भाजपा की हार न केवल चौंकाने वाली है बल्कि बड़े, बहुत बड़े मंथन का विषय जरूर है। मंडी लोकसभा सीट मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का इलाका है तो तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा की हार बड़ी चुनौती क्योंकि वही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है। कर्नाटक में दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने एक सीट जीती जबकि दूसरी को कांग्रेस हथिया ली। हाल ही में यहाँ मुख्यमंत्री बदले गए और बीएस येदियुरप्पा की जगह बसवराज बोम्मई लाए गए। लेकिन वो अपने जिले की हंगल विधानसभा सीट तक नहीं बचा पाए। जबकि सिंदगी विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की जो 2018 में जनता दल सेक्युलर के पास थी। कर्नाटक की राजनीतिक को जानने वाले इसे मुख्यमंत्री को लेकर हुए उलटफेर से जोड़कर देखते हैं। मध्यप्रदेश में खंडवा लोकसभा और तीन विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हुए। जोबट और पृथ्वीपुर में भाजपा को जीत मिली, जबकि रैगांव सीट जो 30 वर्षों से भाजपा का मजबूत किला थी काँग्रेस ने छीन ली। बसपा के मैदान में न होने से काँग्रेस को फायदा हुआ और उसका रैगांव से वनवास टूटा। वहीं महाराष्ट्र में 1 सीट में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने लाज बचाई। मेघालय में भाजपा और सहयोगी दलों का जलवा बरकरार रहा। यहाँ तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा की सहयोगी पार्टी एनपीपी ने दो और यूडीपी ने एक सीट पर जीत हासिल की। जबकि मिजोरम की एक सीट पर सत्ताधारी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट का उम्मीदवार जीता। राजस्थान में जरूर सत्तारूढ़ कांग्रेस का जलवा दिखा। दो विधानसभा सीटों वल्लभनगर और धरियावद पर उपचुनाव हुए। दोनों काँग्रेस ने जीती जबकि पहले धरियावद भाजपा के पास थी। भाजपा ने तेलंगाना में जीत हासिल की यहां हुजूराबाद विधानसभा उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी जीती जबकि 2018 में यहां टीआरएस जीती थी। पश्चिम बंगाल में ममता का प्रदर्शन बीते विधानसभा चुनावों से भी दमदार रहा और सभी चार विधानसभा सीटें तृणमूल कांग्रेस खाते में गईं।

सत्ता का सेमीफाइनल कहे जा रहे बेहद महत्वपूर्ण और देश भर में बेसब्री से इंतजार किए जा रहे उपचुनावों के नतीजों ने जो मिले-जुले परिणाम दिए हैं, उसने एक बार फिर कम से कम इतने संकेत तो दे ही दिए कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे सजग और सुधारवादी क्यों कहा जाता है! सच भी है कई मायनों में आम चुनाव करीब होते हुए भी उपचुनाव कराना आम लोगों के लिए भले ही धन का बेजा खर्च हो लेकिन राजनीतिज्ञों के लिए वो थर्मामीटर है जो वक्त की नजाकत और राजनीतिक सेहत को जाँचता है। 14 राज्यों में 3 लोकसभा, 29 विधानसभा सीटों के ये उपचुनाव पूरे देश का ट्रेन्ड भांपने जैसे ही रहे। कुछ भी हो 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों वाले देश की नब्ज जरूर इनसे पता चलती है। बस चन्द हफ्तों के बाद 2022 की शुरुआत में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, मणिपुर यानी पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों होंगे तो साल के आखीर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव हैं। भाजपा खेमें में नतीजों के बाद आगामी चुनावों के मद्देनजर मंथन का जबरदस्त दौर चल रहा है तो कांग्रेस पंजाब, गोवा और उत्तर प्रदेश पर ज्यादा केन्द्रित दिख रही है। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी पंजाब, उत्तराखंड, गोवा में बेहद उम्मीदें पाल रखी हैं। जबकि पहले से मजबूत हुई टीएमसी मणिपुर और गोवा में भी अपने विस्तार के लिए तानाबाना बुन रही है।

विधानसभा चुनावों का सिलसिला 2023 में भी पूर्वोत्तर के तीन राज्यों मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा से शुरू होगा जहाँ मार्च में मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होगा। ठीक दो महीने बाद मई में कर्नाटक तो दिसंबर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों के चुनाव होंगे। निश्चित रूप से कमरतोड़ मंहगाई के बीच सत्ता के सेमीफाइल कहलाने वाले इन नतीजों ने सभी राजनीतिक दलों को उनकी खामियां और खूबियां तो खूब गिनाई हीं लेकिन हवा का रुख और उम्मीदों की बंधी पोटली भी सत्तासीनों को पकड़ा दी। पोटली में कमरतोड़ मँहगाई का दंश, बेतहाशा बढ़ती कीमतों पर नाखुशी की मोहर, शिक्षित बेरोजगारों की हर रोज बढ़ती फौज का दर्द, काम के घटते अवसरों की पीड़ा, महामारी के बाद हर किसी का अपने परिजन या नजदीकी को खोने का जख्म, स्वास्थ्य सुविधाओं की कागजी व जमीनी हकीकत, घटती आय-बढ़ते खर्च के असंतुलन का रुक्का है।

काश नतीजों की सीख से ही कुछ भला हो पाता? हाँ राजनीति की बिरादरी को यह तो समझना होगा कि 4 जी से 5 जी की ओर छलांग लगाने वाली तकनीक के इस दौर में हर हाथ में मोबाइल से हर किसी को सच और झूठ का अन्तर तो समझ आने लगा है। चाहे वह कच्चे तेल की मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय कीमत हों या उज्जवला सिलेण्डर न भरा पाने का दर्द, योजनाएँ दिखाने और फोटो खिंचाने का धर्म हो या भारत के आम नागरिकों की हैसियत और जरूरत को समझने का मर्म। कहते हैं कि इस बार युवा मतदाताओं ने कई चौंकाने वाले नतीजे दिए। अब राजनीति में व्यवसाय या व्यवसाय में राजनीति के अन्तर की गहराई को हुक्मरान समझें या न समझें लेकिन यह नहीं भूलें कि ये पब्लिक है सब जानती है जो बहुत मामूली वोट प्रतिशत के अन्तर से बड़े-बड़े कारनामें कर दिखाती है।

## अज्ञान का आवरण


गुरू के पास डंडा था। उस डंडे में विशेषता थी कि उसे जिधर घुमाओ, उधर उस व्यक्ति की सारी खामियां दिखने लग जाएं। गुरू ने शिष्य को डंडा दे दिया। कोई भी आता, शिष्य डंडा उधर कर देता। सब कुरूप-ही-कुरूप सामने दीखते। अब भीतर में कौन कुरूप नहीं है? हर आदमी कुरूप लगता। किसी में प्रोध ज्यादा, किसी में अहंकार ज्यादा, किसी में घृणा का भाव, किसी में ईर्ष्या का भाव, किसी में द्वेष का भाव, किसी में वासना, उत्तेजना। हर आदमी कुरूप लगता। बड़ी मुसीबत, कोई भी अच्छा आदमी नहीं दिख रहा है। उसने सोचा, गुरूजी को देखूं, कैसे हैं? गुरू को देखा तो वहां भी कुरूपता नजर आई। गुरू के पास गया और बोला कि महाराज! आप में भी यह कमी है। गुरू ने सोचा कि मेरे अस्त्रों का मेरे पर ही प्रयोग! गुरू आखिर गुरू था। उसने कहा कि डंडे को इधर-उधर घुमाते हो, कभी अपनी ओर भी जरा घुमाओ। घुमाकर देखा तो पता चला कि गुरू में तो केवल छेद ही थे, यहां तो बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वह बड़े असमंजस में पड़ गया। कहने का अर्थ यह कि हमारी इन्द्रियों की शक्ति सीमित है। दूर की बात नहीं सुन पाते। भीतर की बात नहीं देख पाते। बहुत अच्छा है, अगर कान की शक्ति बढ़ जाए तो आज की दुनिया में इतना कोलाहल है कि नींद लेने की बात ही समाप्त हो जाएगी। देखने की शक्ति बहुत पारदर्शी बन जाए तो इतने बीभत्स दृश्य हमारे सामने आएंगे कि फिर आदमी का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। कुरूपता तो चेतना के भीतर होती है। प्रकृति की विशेषता है कि हमारा अज्ञान का आवरण टूट नहीं पा रहा है।

# अस्ताचल की ओर सूरज: आत्मचिंतन को मजबूर क्यों भाजपा....?

**ओमप्रकाश मेहता**

क्या विश्व के नेताओं में अपनी कीर्तिपताका फहराने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी की उनके अपने देश में लोकप्रियता कम हो रही है? हाल ही में सम्पन्न उपचुनावों के परिणामों से तो ऐसा ही महसूस होता है और शायद यही महसूस कर स्वयं भारतीय जनता पार्टी भी आत्मचिंतन पर मजबूर हुई? उपचुनावों में कमजोर प्रदर्शन से भाजपा की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। वह इसलिए क्योंकि आगामी कुछ ही महीनों में उत्तरप्रदेश व पंजाब सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होना है और उत्तरप्रदेश भाजपा के लिए अभी से 'प्रतिष्ठा' बन गया है। वहां अभी से चुनावी लहर तूफानी हवा का रूख अख्तियार करने लगी है और सभी राजनीतिक दलों ने अपने स्तर पर उत्तरप्रदेश को फतह करने की तैयारी शुरू कर दी है। सभी दल अपने-अपने स्तर पर अपने उद्धेश्य की पूर्ति में संलग्न हो गए है।

यहाँ यह सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है कि अब मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी आत्मसात हो चुके है, भाजपा की प्रतिष्ठा अब मोदी की प्रतिष्ठा मानी जाने लगी है और चूंकि पिछले दिनों सम्पन्न उपचुनावों वाले राज्यों में भाजपा मध्यप्रदेश व असम जैसी प्रतिष्ठा हासिल नहीं कर पाई, इसलिए भाजपा के इस प्रदर्शन को मोदी जी की लोकप्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है और देश के राजनीतिक पंडित यह मानने लगे है कि धीरे-धीरे मोदी जी की साख भारत में कम होने लगी है और यदि इस पर अभी से ध्यान नहीं दिया तो पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों व ढाई साल बाद होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को निराशा के अलावा कुछ नहीं मिलेगा? इसी चिंता के चलते भाजपा आत्मचिंतन व मंथन को मजबूर हुई है।



यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि देश का आम मतदाता भी मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर चिंतित है, क्योंकि उसके सामने मतदान केन्द्र पर भाजपा के अलावा कोई विकल्प ही शेष नहीं रहा, प्रतिद्वन्दी राष्ट्रीय स्तर के दल कांग्रेस की हालत गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में अंतिम सांस का इंतजार कर रहे मरीज जैसी हो गई है, जिसे खुद अपने इलाज की चिंता नहीं है, कांग्रेस के अलावा कोई भी अन्य राष्ट्रीय स्तर का दल नही है जो भाजपा को चुनौती दे सके? इस स्थिति में देश के आम वोटर के सामने भाजपा के विकल्प के रूप में कोई दल शेष नहीं बचा, इसीलिए पिछले दिनों हुए चुनावों में ''नोटा'' का बटन दबाने वाले वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ।

किंतु यह भी सही है कि विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में क्षेत्रिय दलों का भी वर्चस्व काफी अधिक है जैसे उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का। ये क्षेत्रिय दल भी अपने राज्य में भाजपा को मूंह तोड़ जवाब देने में अपने आपको सक्षम समझ रहे है और चूंकि उत्तरप्रदेश में भाजपा की ही सरकार भी है, इसलिए उसकी नाकामियों को उजागर कर अपना सिक्का फिट करने की स्पर्द्धा जारी है।

फिर भाजपा की अपनी अंदरूनी समस्याऐं भी है, कभी भाजपा का नियंत्रक रहा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चुनावों के अवसर पर विकास से अधिक हिन्दूत्व को महत्व देना चाहता है तो विश्व हिन्दू परिषद भी संघ के विचार से सहमत है, किंतु भाजपा हिन्दूत्व का प्रचार कर मुस्लिम मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती, इसलिए चुनाव के कुछ महीनों पूर्व अब तक चुनावी मुद्दें ही तय नहीं हो पा रहे है, हर संगठन अपनी बात मनवाने पर अड़ा हुआ है और भाजपा चूंकि सबको साथ रखकर आगे बढ़ना चाहती है, इसलिए अभी तक यह तय नहीं हो पा रहा है कि किन मुद्दों पर चुनावी रणक्षेत्र में उतरा जाए? इस प्रकार कुल मिलाकर भाजपा को एक ओर अपने नेता की लोकप्रियता की चिंता है तो दूसरी ओर भावी चुनौतियों से बखूबी निपटने की और फिलहाल वह इसी दुधारी तलवार पर चलने को मजबूर है, उसे तो फिलहाल सभी को साथ लेकर चलना है और अपने नेता की लोकप्रियता में भी अभिवृद्धि करनी है।

# स्वायत्त बहुजन राजनीति और कांशीराम की विरासत..

## सूडोकु नवताल- 5885

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5884 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**डॉ अजय खेमरिया**

क्या देश की संसदीय राजनीति में स्वायत्त दलित राजनीतिक अवधारणा के दिन लद रहे है या राष्ट्रीय दलों में दलित प्रतिनिधित्व की नई राजनीति इसे विस्थापित कर रही है।कांग्रेस एवं भाजपा जैसे दलों में दलित नुमाइंदगी प्रतीकात्मक होने के आरोप के साथ बहुजन राजनीति की शुरुआत हुई थी। बड़ा सवाल आज यह है कि क्या उत्तर भारत में बहुजन राजनीति अपने ही अंतर्विरोधों से अप्रसांगिक होने के खतरे से नही जूझ रही है। अगले साल यूपी सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने है जिसकी बिसात बिछ चुकीं है और ऐसे में सबकी निगाह मायावती के प्रदर्शन या सही मायनों में स्वायत्त दलित राजनीतिक अवधारणा के भविष्य पर भी टिकी हुई है।असल में मायावती की सफलता और विफलता के साथ डॉ अम्बेडकर और कांशीराम की उस दलित चेतना का सीधा संबन्ध भी है जिसे सामाजिक न्याय के साथ देखा जाता है।सवाल यह है कि क्या मायावती के साथ ही उस स्वायत्त दलित राजनीति का अंत भी हो जाएगा जिसे कांशीराम ने खड़ा किया था क्योंकि मौजूदा पूर्वानुमान यही इशारा कर रहे है कि उप्र में मायावती भाजपा और सपा की तुलना में पिछड़ सकती हैं।ऐसे में इस सवाल के समानांतर राष्ट्रीय दलों में दलित प्रतिनिधित्व की राजनीति को भी विश्लेषित किये जाने की आवश्यकता है।हाल ही में पंजाब में कांग्रेस ने रामदसिया दलित बिरादरी के सिख को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया है तो भाजपा ने उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य को स्तीफा कराकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है।जाहिर है राष्ट्रीय दल अब प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व को मजबूत करते हुए दीर्घकालिक चुनावी लक्ष्यों को साधने के लिए जुट गए है।बड़ा सवाल यही है कि क्या जिस तरह 2007 में मायावती ने अपने दम पर यूपी की सत्ता पर कब्जा कर स्वायत्त दलित राजनीतिक ताकत का खंब ठोका था वह महज एक संयोग भर था।क्योंकि 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव हो या 2014 और 2019 के लोकसभा नतीजे,मायावती की बहुजन थियरी लगातार कमजोर होते हुए आज अपने अस्तित्व से क्यों जूझ रही है।इसके जबाब में दलित आंदोलन के नवसामंती तत्वों को समझने की आवश्यकता भी है क्योंकि मायावती कांशीराम की विरासत को संभालने में नाकाम साबित हुई है। डॉ अम्बेडकर ने शिक्षित,संगठित दलित समाज की अवधारणा को गढ़ा था जिसे 90 के दशक में कांशीराम ने जमीन पर कुछ परिवर्तन के साथ उतारने का काम किया।बेशक कांशीराम जाति को जाति से काटने की बुनियाद पर चले लेकिन उनके मिशन में एक सांस्कृतिक पुट भी था जो कतिपय ऐतिहासिक जातिगत अन्याय को उभारकर आगे बढ़ा था।कांशीराम ने प्रवास और अहंकार मुक्त सम्पर्क के बल पर दलित राजनीति की स्वायतत्ता को आकार दिया।मायावती ने इसे एक एटीएम की तरह उपयोग किया और उस पक्ष को बिसार दिया जो कांशीराम के परिश्रम और सम्पर्कशीलता से जुड़ा था।नतीजतन मंडल और कमंडल की काट में खड़ा किया गया एक सफल दलित आंदोलन आज महज चुनाव लड़ने के विचार शून्य सिस्टम में तब्दील होकर रह गया।उत्तरप्रदेश में आज कोई भी पूर्वानुमान मायावती को 2007 की स्थिति में होंने का दावा नही कर रहा है।आज दलित बिरादरी में मायावती और बसपा को जाटव एवं कुछ पॉकेट में मुस्लिम वोटों की ताकत तक आंका जा रहा है।कभी 30 फीसदी वोटों वाली मायावती दो लोकसभा चुनाव में उस कोर जाटव वोट को भी सहेज कर नही रख पाई जो कांशीराम के जमाने से इस पार्टी का सबसे सशक्त आधार था।बेशक आज भी यूपी में वह 20 फीसदी से ज्यादा मत प्रतिशत पर काबिज है लेकिन जिन गैर जाटव और गैर यादव ओबीसी वोटों के साथ बहुजन आंदोलन कांशीराम ने खड़ा किया था उसकी उपस्थिति मायावती के साथ नही है।2014 में अमित शाह ने जिस सोशल इंजीनियरिंग को उप्र में अंजाम दिया था वह 2019 में भी कायम नजर आई और अब खतरा बहुजन आंदोलन के सामने यह खड़ा है कि जाटव कोर वोट में भी भाजपा सेंधमारी की फूल प्रूफ तैयारी के साथ मैदान में उतर चुकी है।बेबीरानी मौर्य मायावती की उसी जाटव जाति से आती है और प्रदेश के सभी 75 जिलों में उनके दौरे एवं सम्पर्क सभाओं का प्लान पार्टी ने तय किया है खासकर जाटव महिलाओं के बीच।उधर प्रियंका गांधी और चंद्रशेखर रावण,एवं जिगनेश मेवानी की कैमेस्ट्री भी जाटव वोटरों के इर्दगिर्द दिखती है।जिस रामदसिया दलित जाति से कांशीराम आते थे पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी उसी जाति से है।

# असंभव को संभव बनाने का नाम है रजनीकांत

**योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में विज्ञान भवन में गत दिनों आयोजित 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा सिनेमा जगत के 'थलाइवा' अभिनेता और दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत को 51वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रजनीकांत को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में भारत का सर्वोच्च फिल्म सम्मान 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार' प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि रजनीकांत न केवल एक महान् प्रतीक हैं बल्कि भारतीय सिनेमा की दुनिया के लिए एक संस्था हैं। रजनीकांत को यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा इसी वर्ष एक अप्रैल को की गई थी। 70 वर्षीय रजनीकांत ने अपना यह पुरस्कार अपने गुरू के. बालाचंद्र, अपने भाई सत्यनारायण राव तथा अपने बस ड्राइवर दोस्त राजबहादुर को समर्पित किया। दरअसल रजनीकांत को एक बस कंडक्टर से ग्लैमर की दुनिया में पहुंचाने का बहुत बड़ा श्रेय राजबहादुर को जाता है और रजनीकांत इस बात को वर्षों बाद भी नहीं भूले।

वर्ष 2019 के लिए भारतीय सिनेमा के इस सर्वश्रेष्ठ सम्मान के लिए रजनीकांत के नाम का चयन पांच ज्यूरी सदस्यों आशा भोंसले, मोहनलाल, विश्वजीत चटर्जी, शंकर महादेवन तथा सुभाष घई ने एकमत से किया था। सिनेमा जगत के किसी एक कलाकार को प्रतिवर्ष दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना जाता है और विजेता को डायरेक्टरेट ऑफ फिल्म फेस्टिवल्स द्वारा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में स्वर्ण कमल, शॉल तथा 10 लाख रुपये नकद पुरस्कार से नवाजा जाता है। अभी तक रजनीकांत सहित कुल 51 हस्तियों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है। रजनीकांत करीब पांच दशकों से फिल्म जगत के बेताज बादशाह रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और लगन से लोगों के दिलों में जगह बनाई है और आज फिल्म जगत में सूरज की तरह चमक रहे हैं। तमिलनाडु में तो उनके प्रशंसक उन्हें अपना 'भगवान' मानते हैं, जहां आदर से उन्हें 'थलाइवा' (नेता) कहा जाता है।

रजनीकांत की किसी नई फिल्म की घोषणा हो या उनका जन्मदिन, वह अवसर उनके प्रशंसकों के लिए त्यौहार जैसा होता है। अक्सर देखा जाता रहा है कि कैसे उनके प्रशंसक उनके पोस्टरों को दूध में नहलाते हैं, कुछ उनके कटआउट पर फूलमालाएं लादते हैं तो कुछ मूर्ति बनाकर उनकी पूजा करते हैं। उनकी फिल्म रिलीज होते ही उसका पहला शो देखने के लिए कैसे सिनेमाघरों के बाहर रात से ही दर्शकों की कतारें लगती रही हैं।

# पुलिस व प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को 5 रन से किया पराजित





### पत्रकार एकादश के 93 रन बनाने वाले रामजीवन रहे मैन आफ द मैच, पुलिस प्रशासन ने 20 ओव्हर में 165 रन बनाए

**मुरैना।** पुलिस और प्रशासन एकादश ने आज सदभावना क्रिकेट मैच खेलते हुये पत्रकार एकादश को 5 रन से पराजित किया है। इसमें पत्रकार एकादश के रामजीवन को मैन आफ द मैच चुना गया। रामजीवन ने बॉलिंग करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट व बल्लेवाजी में बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्यान करते हुए 93 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

मैच में पुलिस प्रशासन एकादश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनिंग बल्लेबाजी करने के लिए पुलिस कप्तान ललित शाक्यवार और साइबर सेल प्रभारी सचिन पटेल ने अच्छी साझेदारी करते हुए 80 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसमें पुलिस कप्तान ललित शाक्यवार ने अपना अर्धशतक पूरा करते हुए 69 रन पर बनाए। जब कि साइबर सेल प्रभारी सचिन पटेल 40 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर कैच देकर आउट हो गए। इसके बाद मैदान पर आए कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने 4 चौके तथा 1 छक्का लगाया। कलेक्टर और एसपी ने महत्वपूर्ण साझेदारी निभाते हुए 18 ओवर में 130 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने 33 रन बनाए और वह कैच आउट हुये। जक कि पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार 69 रन बनाकर कैच आउट हुए। पत्रकार एकादश की ओर से खेलते हुये गेंदबाज रामजीवन उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार सहित 4 खिलाडियों को आऊट किया। उन्होंने तीन खिलाड़ियों को लगातार आउट कर हैट्रिक बनाई व कुल 4 विकेट लेकर 14 रन दिये। वह पत्रकार एकादश की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहें। वहीं गेंदबाज प्रांशू व सोनू सिकरवार ने एक एक खिलाडी को आऊट किया। वहीं दूसरी पारी में पत्रकार एकादश ने पारी शुरू करते हुये ओपनिंग साझेदारी में 105 रन जोडे । इसमें रामजीवन ने 93 रन का योगदान दिया। अमन तिवारी ने 20 रन जोडे । पत्रकार एकादश की ओर से सोनू सिकरवार ने 2, टीटू तिवारी ने 10, मोनू गौतम ने 9 तथा हरीओम गोड ने 1 रन का सहयोग दिया। इस मैच का टर्निंग पांईट उस वक्त रहा जब कलेक्टर की फिरकी गेंद पर पुलिस अधीक्षक ने रामजीवन को लपक लिया। इसके बाद पत्रकार एकादश के शेष खिलाडी सामान्य प्रर्दशन ही कर पाये। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक , सचिन पटेल ने 1-1 तथा शिवम उपाध्याय ने 3 पत्रकार खिलाडियों को आऊट किया। मैच उपरांत विजेता उपवजेता खिलाडियों को भी पुरूष्कार प्रदान किया गया।

# मुरैना की गीता ने कौन बनेगा करोडपति में जीते 1 करोड

### आज होगा सोनी टीवी पर लाइव प्रसारण

**मुरैना।** चंबल की यह पावन भूमि वीरों के लिए सदैव पहचानी जाती रही है। अब इस चंबल की अनेकों प्रतिभाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन किया है। इसी क्रम में मुरैना की 52 बर्षीय बेटी गीता सिंह गौर ने कौन बनेगा करोडपति में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 1 करोड रुपये की राशि जीत कर मुरैना का नाम रोशन किया है। उनके इस उत्कृष्ट खेल का आज 8 व कल 9 नवंबर को सोनी टी वी पर लाइव प्रसारण किया जावेगा।






उल्लेखनीय है 52 वर्षीय गीता सिंह गौर पत्नी कुलदीप सिंह गौर फिलहाल वह अनुपम नगर ग्वालियर में अपने पति व बेटे के साथ रह रही है। बेटे के अलावा उनकी दो बेटियां भी है जिनका विवाह हो चुका है। गणेशपुरा मुरैना की बेटी के पिता रण सिंह कुशवाह पुलिस में नौकरी करते थे। स्कूली शिक्षा के दौरान गीता सिंह जब हायर सेकेण्ड्री में अध्ययनरत थी उस दौरान उन्होंने बेस्ट डिवेटर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मातीलाल बोरा से खिताब प्राप्त किया। वे गर्ल्स कॉलेज मुरैना में प्रसीडेंट व जीवाजी यूनिवर्सिटी में जाइन्ट सेकेट्री के पद पर भी आसीन रहीं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गीता सिंह गौर ने कौन बनेगा करोडपति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर 1 करोड की राशि जीत ली है और 7 करोड का सवाल अब उनके सामने आएगा। उनके इस उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन आज 8 व कल 9 नवम्बर को सोनी टी वी पर प्रसारित किया जाएगा। उनकी इस पर सफलता पर उनके परिवारीजन सहित इष्ट मित्रों ने बधाई व शुभकामनाऐं दी है।

# साइकिल और बाइक की भिड़ंत, चार घायल



**मुरैना।** रविवार की दोपहर बांसी की पुलिया पर साइकिल से जा रहे एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार एवं बाइक पर बैठे तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मोनू पुत्र रामवीर राठौर 22 वर्ष निवासी मुंगावली बांसी की पुलिया पर साइकिल से सब्जी लेने गया हुआ था, तभी जौरा की तरफ से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई और साइकिल सवार तथा बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े। इस दुर्घटना में मोनू राठोर के अलावा बाइक पर सवार सिंटू पुत्र बीधाराम जाटव 22 वर्ष निवासी ग्वालियर, संजय पुत्र गब्बर जाटव 20 वर्ष एवं सुहानी पुत्री विधाराम जाटव 16 वर्ष घायल हो गए। बाइक सवार लोग जौरा में अपनी बहन के यहां से लौटकर ग्वालियर जा रहे थे और यह दुर्घटना घटित हो गई।

## पुरानी रंजिश पर मारपीट व जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**भिण्ड।** मेहगांव थाना अंतर्गत ग्राम असोखर में दो पड़ोसियों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उसी रंजिश पर तीन लोगों ने एकराय होकर फरियादी के साथ लातघूसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार फरियादी चन्द्रशेखर पुत्र मानसिंह नरवरिया निवासी ग्राम असोखर सुबह अपने निजी कार्य से जा रहा था तभी रास्ते में उसे रंजीत नरवरिया, नरेन्द्र सिंह नरवरिया, धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया ग्राम असोखर ने रास्ता रोककर फरियादी चन्द्रशेखर नरवरिया के साथ मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। फरियादी के बयान पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# उपजेल अम्बाह में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

**अम्बाह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन में /द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज उपजेल अम्बाह में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह नितिनेन्द्र सिंह द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में



पैरालीगल वालेन्टियर ऊषा गुप्ता, शिवचंद् गुप्ता, जेल अधीक्षक, जेल अम्बाह स्टाफ एवं जेल अम्बाह में निरुद्ध बंदी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अम्बाह नितिनेन्द्र सिंह द्वारा जेल अम्बाह में निरुद्ध बंदियों को लीगल ऐड क्लीनिक, अपील करने का अधिकार, पेरोल का अधिकार, विधिक सहायता के अधिकार आदि के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी एवं जिन बदियों की ओर से उनके प्रकरण में पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नहीं है, उनकी ओर से विधिक सहायता से निःशुल्क अधिवक्ता कराये जाने के संबंध में भी सलाह दी गयी।

## मेगा क्रेडिट आउटरीच शिविर का आयोजन आज

**मुरैना।** मेगा क्रेडिट आउटरीच शिविर का आयोजन वित्त विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 52 जिलों एवं 313 विकासखण्डों में ''क्रेडिट आउटरीच अभियान'' 16 अक्टूबर 2021 से 15 नवम्बर 2021 तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत 08 नवम्बर 2021 को '' मेगा क्रेडिट आउटरीच शिविर'' का आयोजन सुबह 10:00 बजे अग्रवाल सेवा सदन, टीआर पुरम, मुरैना में किया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक मुरैना एनके मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम में प्रधान मंत्री पथ विक्रेता योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड, पीएमएफएमई, पीएमईजीपी आदि योजनाओं के ऋण वितरण करना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओं से ग्राहकों को जोडना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग करना, बैंक के डिजिटल प्रोडक्ट जैसे भीम एप्प का प्रचार-प्रसार किया जाना है।

# सफलता हांसिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें: रिजवान



### पी एफ कमिश्नर ने प्रियंका स्कूल में युवाओं को किया संबोधित

**कैलारस।** जीवन मे सफलता हांसिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना होगा तभी मंजिल मिलेगी। उक्त विचार जम्बू के पी एफ कमिश्नर रिजवान ने कैलारस प्रियंका स्कूल में हम सब फाउंडेशन के युवाओ को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें मंजिल पाने के लिए गोल सेट करना होगा, तभी सफलता मिलेगी। अपनी एक दिनचर्या बनानी होगी, माइंड सेट करना होगा, फिटनेस पर ध्यान देना होगा। इस अवसर पर युवाओं को सफलता के कई मंत्र समझाए। कार्यक्रम में हम सब फाउंडेशन के अध्यक्ष कमल बंसल, खुशी बंसल व सदस्यों ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# दिवंगत सुब्बाराव की अस्थि कलश श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**मुरैना।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा व राकेश परमार (गोसपुर) अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुमावली विधानसभा द्वारा महान गांधीवादी विचारक देवदूत दिवंगत आत्मा डॉ एस.एन सुब्बाराव (भाई जी) की अस्थि कलस श्रद्धांजलि सभा बाल निकेतन गाँधी कॉलोनी मुरैना में रखी गई थी, जिसमे मुरैना शहर एवं आसपास के गांव से गणमान्य, राजनैतिक, सामाजिक व् वरिष्ठजनो ने हजारो की संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को अपनी भावपूर्ण श्रन्दाजलि देकर अंतिम विदाई दी एवं दिवंगत आत्मा डॉ सुब्बाराव जी के जीवन पर अपने अपने विचार रखे। श्रन्दाजलि सभा में प्रमुख रूप से दिमनी विधायक रविंद्र सिंह भिडोसा, दिनेश गुर्जर, रक्षपाल तोमर, हरीसिंह सिकरवार, राकेश यादव, मुरैना विधायक के बडे भाई रविंद्र सिंह मावई, प्रवलप्रताप सिंह मावई, मानवेन्द्र सिकरवार गाँधी, उदयभान सिंह परिहार, डॉ शंकर सिंह तोमर, मनीष उपाध्याय, विक्रम मुदगल, रामलखन दंडोतिया, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, अभय चौधरी, मिंटू सिकरवार, विष्णु अग्रवाल, रामकुमार पाराशर, सुभाष सिकरवार, नारायण तोमर, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, गौरव चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल ने लगाया सातवां भव्य विशाल भण्डारा

**इस बार भंडारा ग्रहण करने वाले भक्तों का टूटा रिकॉर्ड-अर्पित गुप्ता**

**रतनगढ़ धाम पर लगने वाले श्रद्धालुओ के लिए लगाया भंडारा**

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

दबोह से कुछ ही दूरी पर स्थित रतनगढ़ माता मंदिर पर प्रतिबर्ष की तरह लाखों श्रद्धालुओ का माता के दर्शन के लिये पहुंचने का सिलसिला 05 नबम्बर की सुबह से शुरू हो गया था जिसके चलते दबोह से गुजरकर उत्तर प्रदेश के कानपुर, उरई, कोंच, झांसी, लखनऊ, समथर, मौठ, मऊरानीपुर, ललितपुर अन्य कई स्थानों और अंचल के लाखों श्रद्धालु माँ रतनगढ़ माता के दर्शन के लिये प्रतिवर्ष उनके दरबार में पहुंचते हैं।जिनके लिए 05 नबम्बर 2021 की शाम 04:00 बजे से दबोह नगर के लगातार सात वर्षो से कई भंडारे व् दीन-दुखियो और गरीबो की सेवा करने वाले सामाजिक संगठन श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के द्वारा नगर में प्रमुख तिराहा कोंच रोड पर पण्डाल लगाकर लाखों श्रद्धालुओं के लिये चाय,पानी,नाश्ता,दवा आदि की व्यवस्था की गई।रतनगढ़ माता के मेले के चलते 05 नबम्बर





की सुबह होते ही दबोह मुख्य मार्ग पर माता के भक्तों का कारवाँ लाखो की संख्या में नजर आता दिखा।जिसके लिए नगर के मुख्य तिराहे कोंच रोड पर श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा सातवां भव्य विशाल भंडारा लगाया गया था।यहां बता दें कि नगर के सामाजिक संगठन श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा यह पहला भंडारा नही है इससे पहले भी मण्डल के द्वारा नवरात्रि के समय माँ रणकौशला देवी मन्दिर जाने श्रद्धालुओं के लिए भंडारा,नवरात्रि पर नवमी के दिन माँ रणकौशला देवी मन्दिर परिसर में विशाल भंडारा,बेसहारा व् गरीबो की मदद,मतदाता जागरूकता अभियान आदि कार्यक्रम भी किये जा चुके हैं।श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया कि माँ रतनगढ़ वाली की कृपा से यह सातवां विशाल भंडारा सफलता पूर्वक 06 नबम्बर की सुबह 05 बजे सम्पन्न हुआ।साथ ही अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया की आगामी आठवें भंडारे में सहयोगी साथियों की मदद से भंडारे को काफी विशाल रूप दिया जायेगा और यह भंडारा माता रानी की कृपा से निरन्तर चलता रहेगा।उन्होंने बताया कि इस भण्डारे में श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल द्वारा पिछली बार किये गए सभी भंडारो का रिकॉर्ड तोड़ा है क्योंकि इस बार लगभग 80 फीसदी अधिक श्रद्धालुओं ने भण्डारे में प्रशादी ग्रहण की।उन्होंने बताया कि बीते माह बारिश के कहर से रतनगढ माता मंदिर को जाने वाला मुख्य पुल टूट गया था जो कि अभी तक बनकर तैयार नही हुआ फिर भी इस बार 80 फीसदी ज्यादा लोग दबोह होते हुए रतनगढ माता मन्दिर पहुंचे।उन्होंने बताया कि वैसे तो इस बार यह आठवां भंडारा लगाया जाना था परन्तु बीते वर्ष कोरोना महामारी के चलते शासन के नियमो का पालन करते हुए सातवां भंडारा आयोजित नही हो पाया था जिसके चलते यह सातवां भंडारा आयोजित किया गया।इसी के साथ इस विशाल भंडारे में मण्डल से अध्यक्ष अर्पित गुप्ता,हिमांशु गुप्ता,सिद्दू सोनी,मोनु मैथाने वाले,ब्रजेन्द्र सिंह गुर्जर,राममोहन कोठारी आदि लोगो का प्रमुख रूप से सहयोग रहा।

**मुस्लिम समुदाय के लोगो ने भी किया सहयोग:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किये जाने वाले श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के विशाल भंडारे में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने भी जी जान से मेहनत की और भंडारे में पूर्ण रूप से सहयोग किया।जानकारी के लिए आपको बता दूँ कि मुजीब खान बैटरी वाले द्वारा श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के सभी कार्यक्रमो में प्रति वर्ष हिस्सा लिया जाता है।और इस वर्ष भी उन्होंने भण्डारे को सफल बनाने के लिए अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

**नगर परिषद ने व्यवस्था में किया सहयोग:** श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल के द्वारा आयोजित सातवें भण्डारे में दबोह मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबू लाल कुशवाह व एन आर खेंगर के निर्देशन में नगर परिषद दबोह द्वारा नगर के मार्गो पर भंडारे को मद्देनजर रखते हुए नगर में सफाई व्यबस्था,प्रकाश व्यवस्था,पानी टैंकर आदि व्यवस्थायें काफी अच्छी तरीके से संभाली गई।जिसके लिए मंडल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने नगर परिषद का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

## वन-टू-वन

### गोवर्धन पूजा के दिन श्री कृष्ण पालकी यात्रा का आयोजन किया गया



**पुष्पांजली टुडे**

गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण सेवा समिति के द्वारा तृतीय श्रीकृष्ण पालकी यात्रा आयोजित की गई। यह पालकी यात्रा अँधेरी पूर्व के मारुती मंदिर (शेर ए पंजाब) से श्री राम कृष्ण मंदिर (एमआयडीसी ) तक निकाली गई। पालकी यात्रा के प्रारंभ करने से पहले समस्त कृष्ण भक्तों ने श्री राधेकृष्ण और गौमाता की आरती की। हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करते हुए पालकी को कंधे पर उठाये भक्तगण श्री राम कृष्ण मंदिर तक गिरिधारीलाल को पहुंचाया। सभी भक्तों ने एक साथ दीप दान कर के महाप्रसाद ग्रहण किया। इस पालकी यात्रा में मुरजी पटेल,डॉ दृगेश यादव, सुरेंद्र दूबे,मोतीलाल यादव, शेखर तावड़े, ईश्वरदेव यादव, बाबा यादव,रामजी पांडे, जेपी सिंह, दरोगा मिश्रा, सुभाष जायसवाल, कृपाशंकर यादव,भुल्लन यादव,बंसराज यादव,सरिता संजय यादव,सुदामा यादव, अविनाश भागवत,सुभाष यादव, मनोज प्रजापति,अरविन्द प्रजापति,पियूष पांचाल,संजू यादव, जान्हवी सिंह,मंजू गुप्ता, मंजू यादव, राजेश गुप्ता, दीपक कलवार, मोहन कलवार,श्रीकांत यादव, लालचंद्र यादव, जितेंद्र चौहान, लोरिक चौहान, राकेश चौहान,हिरा यादव, बीके शर्मा, के के तिवारी, अभिराम यादव, सत्यम यादव, बिपिन दुबे, वेंकट रेड्डी,बृजेश यादव,विनोद यादव, शैलेश जायसवाल, शंकर पटेल व गोविंदराम यादव के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में कृष्णभक्त उपस्थित थे।

### कार की चपेट मे आया युवक उछलकर खंभे से टकराया, मौत

**भोपाल।** राजधानी के पिपलानी इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक उछलकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, ओर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार से भिडने से पहले कार एक दुकान में टकराई थी। पुलिस मामला दर्जकर आगे की जॉच में जुटी है। वहीं ईंटखेड़ी इलाके में बाइक सवार दो युवक डिवाइडर में टकराने से घायल हो गये, जिन्हे इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हनुमानमंदिर के पास दौलतपुरा कोकता में रहने वाला नेत्रराम भील (32) प्रायवेट काम करता था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वो अपनी बाईक से निजी काम के सिलसिले में सीहोर जाने के लिए घर से निकला। जैसै ही वो रत्नागिरी कलारी के आगे पहुंचा तभी रत्नागिरी तिराहे तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। कार की चपेट मे आते ही नेतराम उछलकर डिवाइडर के बीच लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे से जाकर टकरा गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। आसपास मौजूद लोगो ने उसे इलाज के लिये नजदीक मे स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार चालक पर मामला दर्ज किया है। मौके पर मौजूद लोगो ने पुलिस को बताया कि तेज रफ्तार कार ने पहले एक दुकान पर टक्कर मारी थी, इसके बाद दुकान के सामने गुजर रहे बाइक सवार को भी कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि कुछ लोगों ने पुलिस को यह भी बताया कि सड़क पर अचानक मवेशी आ गया था, जिसे बचाने के प्रयास मे कार चालक ने अचानक मोड दिया जिससे यह हादसा हो गया। उधर ईंटखेड़ी इलाके के चौक नगर चौराहे पर रविवार सुबह युवक की बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

## आईपंथ के धर्मगुरू दीवान पुत्र को पुष्पाजंलि अर्पित करने पहुंचे कई जनप्रतिनिधि



**पुष्पांजली टुडे**

**जोधपुर** –बिलाड़ा आईपंथ के धर्म गुरू दीवान माधवसिंह के ज्येष्ठ पुत्र कुंवर डॉ लक्ष्मणसिंह के निधन पर शनिवार को केन्द्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत,मुख्य सचिव निरंजन आर्य संभागीय आयुक्त जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं साधु संत व विभिन्न समाजों के लोग पहुंचे। एवं दिवंगत के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की ।पर यहां बढेर में दिवंगत पाटवी दीवान डॉ लक्ष्मणसिंह के निधन पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने एवं दीवान माधवसिंह के समक्ष शोक व्यक्त करने के लिए पूर्व राज्य सभा सदस्य रामनारायण डुडी पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, सुरेंद्र गोयल, चक्रवतिसिंह राखी, लक्ष्मी बारूपाल,भारतीय प्रशासनिक अधिकारी सुनिल सीरवी, डॉ प्रकाश सीरवी, पूर्व विधायक अर्जुनलाल गर्ग, विधायक खुशवीरसिंह के अलावा सचिव निरंजन आर्य के साथ संभागीय आयुक्त राजेश शर्मा, जिला कलक्टर इन्द्रजीतसिंह जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कयाम एवं गणमान्य लोगों सहित दूर दूर से बड़ी संख्या में पहुंचकर लोगों ने शोक सभा में भाग लिया।

## रॉयल सीटी मैसूर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न हुआ



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु–**. रॉयल सिटी मैसूरु की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया द्य एक दूसरे को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी गई द्य इस अवसर पर रॉयल सिटी मैसूरु के अध्यक्ष हंसराज पगारिया,चेयरमैन कैलाश भंडारी,वाइस चेयरमैन संतोष भंडारी,सदस्य राजेश जैन, मोक्ष जैन,ज्ञानेश जैन,पदम जैन, पर्यावरण जागृती वेदिके बनूर के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित, भैरू राठौड़,शांतिलाल हरण, राकेश भंडारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण मौजूद रहे द्य इस कार्यक्रम मे समाजसेवी डॉ. महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया की कारोना काल के बाद लागू लॉकडाऊन एवं इसके बाद अनलॉक के चलते हर त्यौहार फीका ही बीत गया। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण में कमी के आने के बाद त्यौहार पर फिर से रौनक लौट आई है ।करीब 18 माह बाद इस वर्ष रोशनी का दीपोत्सव गुरूवार को आस्था, उमग व हर्षोल्लास के साथ मनाया।



## ग्राम पंचायत सेमरी में आयोजित हुआ आजादी का अमृत महोत्सव

**शिविर के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया वृक्षारोपण**

**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** अनुभाग पिछोर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेमरी में शनिवार को आजादी का अमृत महोत्सव एवं विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायधीश श्री मोहित रघुवंशी व्यवहार न्यायधीश वर्ग 2 के द्वारा अखिल भारतीय जागरूकता के अंतर्गत पंचायत राज व्यवस्था पंचायत एक्ट वन अधिनियम सहित विधिक सेवा के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी तथा लोगों को अपने अधिकारों के लिए कैसे आगे जाएं इसके लिए समझाइश दी गई कार्यक्रम में मंच संचालन सुरेंद्र शर्मा संवाद मित्र पिछोर द्वारा किया तथा आभार व्यक्त सेमरी सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा किया गया कार्यक्रम में सरपंच बृजेंद्र योगी ए ए एन एम वैजयंती बंशकार समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता क्षेत्रीय पत्रकार बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति बस्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही मेरा लक्ष्य : राज्यमंत्री भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**



**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव क्षेत्र से भाजपा विधायक ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा एवं एकात्म मानववाद के अंत्योदय मिशन को लेकर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गरीब मजदूर किसानों एवं सब समाज के विकास के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें आगे की पंक्ति में खड़ा कर रहे हैं और जिसका लाभ भी ले रहे हैं 7 यह बात उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में गांव के खेरिया तोर मैं नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए धूम पूजन के अवसर पर बोलते हुए व्यक्त किए। नगरीय प्रशासन आवाज राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि आप सभी ने मुझे जन सेवा करने का अवसर प्रदान किया है पूर्व 15 माह की कमलनाथ की कांग्रेस सरकार ने मेहगांव के विकास को रोककर जनता के साथ धोखा किया वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने अनेकों योजनाओं के साथ इस महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं पहुंचा कर समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस अपने को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति दलित और शोषित की हितैषी बताती थी, उनके बोर्ड पर हमेशा सत्ता में आते रहे और उनके विकास की कोई चिंता नहीं आज केंद्र और राज्य सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के लिए ऐसी योजनाएं तैयार की है जिसका आज लाभ हमारे समाज के लोग ले रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र के संगठन और केंद्र सरकार मध्य प्रदेश संगठन और मध्य प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति जनजाति दलित और शोषित समाज के लोगों को केंद्रीय मंत्री मंडल मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल कर समाज को द्वारा निर्मित करने का काम किया जब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए मंत्रियों को परिचय कराने के लिए सदन में खड़े हुए तो इसी कांग्रेस के लोगों ने उनका विरोध उनका सदन में परिचय तक नहीं होने दिया। राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मेहगांव क्षेत्र की सभी अनुसूचित बस्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य मेरे कंधों पर है जहां उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का पक्का मकान नहीं है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मकान को दिलाया जाएगा जो भी शासन की योजना है उन तक पहुंचाई जाएंगी, हरिजन बस्ती में सड़क पानी बिजली स्वास्थ्य शिक्षा के साथ हर बस्ती को विकसित करने की योजना के साथ विकास के साथ कार्य करेंगे । राज्यमंत्री भदौरिया ने नवीन पंचायत भवन के निर्माण कार्य के भूमि पूजन उच्च मंत्रों के साथ भागवत आचार्य आचार्य द्वारा कराया गया । इस अवसर पर मेहगांव मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह कुशवाह ,सोशल मीडिया प्रभारी रोहित करैया, कालीचरण कुशवाहा,श्रीमती सुधा राठोर,श्रीमती मुन्नी नरवरिया,रेखा रवि हिंडोरिया ,नवल सिंह परिहार शामिल थे ।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी मंच का दीपावली मिलन समारोह हुआ संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**



**सागर ।** राष्ट्रीय विद्यार्थी मंच सागर जिला इकाई द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चकराघाट पर आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी मंच के प्रदेश प्रभारी ज्योतिष सोनी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बताया की राष्ट्रीय विद्यार्थी मंच छात्र संगठन संपूर्ण मध्यप्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत देश में निरंतर सक्रिय रूप से एवं विगत 4 वर्षों से कार्य करते आ रहा है सभी जिला मुख्यालय पर बहुत जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और संगठन के विस्तार को देखते हुए सदस्यता अभियान के बाद मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

जिला संगठन मंत्री शुभम कुर्मी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी एक ऐसे संगठन में के कार्यकर्ता हैं जोकि एक गैर राजनीतिक छात्र-छात्राओं का संगठन है जो जाति पंथ से ऊपर उठकर समाज हित के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है सभी से सहयोग की अपेक्षा है कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष करण डीप सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा,शैलेश साहू, शुभम सोनी,वैभव जैन,आकाश कोष्टी, शुभम पटेरा,मानसू कोष्टी,संजय पटेल,आदर्श सोनी,कैलाश राज,चंद्रभान पटेल,अभिषेक अहिरवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झुमटा ग्राम में कई दिनों से बोरवेल से ज्वलनशील पदार्थ निकलना नहीं हुआ बंद

**झुमटा ग्राम के कई निजी बोरवेल से भी ज्वलनशील पदार्थ निकलने से ग्रामीणो मे दहशत का माहोल**

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

**पन्ना ।** गुनौर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले झुमटा ग्राम में पूर्व दिन पहले शासकीय स्कूल के लिए बोरबेल खोदा जा रहा था जिसमें किसी ज्वलनशील पदार्थ निकलने के कारण आग लग गई थी जोकि अब वह ज्वलनशील पदार्थ ग्राम के कई निजी बोर बेलो से भी निकल रही है जिसकी रिपोर्ट स्थानीय प्रशासन द्वारा जांच के लिए भेजी गई थी की आखिरकार यह कौन सी गैस है कि जिसमें आग लग रही है लेकिन अभी तक 15 दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद कोई ऑप्शन नहीं निकला जिससे ग्रामीण दहशत में है की आखिरकार अब क्या होगा जोकि ग्राम के घरेलू बोरबेलों से भी ज्वलनशील पदार्थ निकल रहा है और आग लगाने पर आग लग जाती है और स्थानीय प्रशासन द्वारा स्कूल के पास पुलिस भी मौजूद कर दी गई है जिससे कोई भी व्यक्ति बोरवेल के पास ना जा सके।



## वन-टू-वन

### बोनस सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार से फिर मोर्चा खोलेंगी यूनियनें

**भोपाल।** भेल कर्मचारियों को पीपी और दीपावली बोनस सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार से फिर तीनों प्रतिनिधि यूनियनें अपने-अपने स्तर पर मोर्चा खोलेंगी। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, भारतीय मजदूर संघ और ऑल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन बीते कुछ दिनों से निरंतर कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। दीपावली के चलते तीन दिनों तक प्रदर्शन बंद रहा। अब सोमवार से फिर से प्रदर्शन करने का मन यूनियन बना रही हैं। ऑल इंडिया भेल एम्प्लोई यूनियन की ओर से यूनियन द्वारा बोनस एवं एसआईपी ना मिलने के कारण भेल कर्मचारियो की काली दिवाली घोषित की गई है। यूनियन के मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न जायज मांगों जैसे पीपी बोनस, दीपावली बोनस , इंसेंटिव, टी-तीन, नाइट अलाउंस, एक करोड़ के टर्म इंश्योरेंस, बंद पड़ी कैंटीन को चालू करवाने, सीआफ के सर्कुलर को वापस लेने आदि मांगों को लेकर ऑल इंडिया भेल एम्प्लाइज यूनियन लगातार प्रदर्शन कर रही है। प्रबंधन यदि जल्द कर्मचारियों की समस्याओं के ऊपर ध्यान नही देता है तो आने वाले समय मे आंदोलन कारखाने के अंदर तीव्र और उग्र होने की संभावना है। काले झंडे दिखा कर कर्मचारी प्रदर्शन कर चुके हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हैं। अब सोमवार से फिर से विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इधर भारतीय मजूदर संघ काली पट्टी बांध कर लगातार भेल के निजीकरण का विरोध कर रहा है। राष्ट्रीय मजदूर संघ के पदाधिकारी जल्द विरोध प्रदर्शन करने का मन बना चुके हैं। इसकों लेकर बैठकों का दौर चल रहा है।

### संगम टॉकीज मे फिल्म के दौरान मनचले ने की छेडछाड, जमकर हुई धुनाई, महिलाओ ने भी चप्प्ल से पीटा

**भोपाल।** राजधानी मे शनिवार रात करीब पौने बारह बजे संगम टॉकीज मे लगी फिल्म के आखिरी शो में पर्दे पर फिल्म चलते समय उस समय हंगामा मच गया जब लोगो ने फिल्म देखने आये एक युवक की धुनाई लगानी शुरु कर दी। मनचले ने फिल्म देख रही एक युवती को इशारे करने के साथ ही अशलील हरकतें शुरू कर दी। इसके बाद जहॉ युवती ने चप्पल उतारकर उसे पीटना शुरू कर दिया। वहीं मामला पता चलने पर फिल्म देख रहे दर्शक भ उस टूट पड़े। सभी ने युवक की टॉकीज के भीतर ओर बाहर लाकर भी जमकर पिटाई की। हालांकि, मामले की शिकायत थाने तक नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार था। थाना पुलिस ने भी बताया कि घटना की सूचना नहीं आई है, ओर कोई फरियादी भी थाने नहीं पहुंचा। वहीं घटना का वीडीयो सोशल मीडीया पर जमकर वायरल हुआ है। पुलिस ने सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो को जांच में लिया है। बताया गया है कि मनचला युवक पीछे बैठी युवती पर कमेंटस कर रहा था, साथ ही उसने अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। गुस्साई युवती ने ने सैंडल से पिटाई शुरू कर दी। वही लोगो ने भी उसे पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद मनचले को भीड़ थियेटर से घसीटकर बाहर लेकर आई। गेट पर उसके साथ फिर मारपीट की गई। इस दौरान मनचले को लड़कियों ने चप्पलों से भी पीटा। भीड़ उसे मंगलवारा थाना लेकर पहुंचती, इससे पहले मनचले को दोस्त पहुंच गए। उन्होंने युवती से माफी मंगवाई। तब जाकर मामला शांत हुआ, ओर भीड़ ने उसे छोड़ दिया।

### जर्मनी- बदमाशों ने हाईस्पीड ट्रेन के अंदर किया चाकू से हमला, कई लोग घायल, दो गंभीर

**न्यूमर्कट।** जर्मनी में एक तेज गति की ट्रेन के अंदर कुछ बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में फिलहाल 3 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है की घटना शनिवार को जर्मन शहरों रेगेन्सबर्ग और न्यूर्नबर्ग के बीच बावरिया में हुई। हमला न्यूमर्कट के पास सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर हुआ। जिसके बाद ट्रेन को न्यूर्नबर्ग के दक्षिण-पूर्व में सेबर्सडॉर्फ में रोकना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी का कहना है कि अब हमलावर पकड़ा गया है इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने बताया कि घायल लोगों में से 2 की हालत बहुत गंभीर है। पुलिस ने एक बयान में कहा, 'इस वक्त हम यही कह सकते हैं कि घटना में शामिल लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।' जर्मनी के एक अखबार ने बताया कि अभी जांचकर्ताओं ने इसे आतंकी घटना करार नहीं दिया है। वहीं जर्मन रेल ऑपरेटर डॉयचे बाहन के प्रवक्ता ने बताया कि दो शहरों के बीच रेलवे लाइन को रोक दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, 'फिलहाल ट्रेनों को उपयुक्त स्टेशनों पर रोका जा रहा है।' पुलिस ने मामले की जांच करनी शुरू कर दी है। साथ ही गिरफ्तार किए गए हमलावर से भी पूछताछ की जाएगी, ताकि घटना के पीछे का वास्तविक कारण पता चल सके।

### वैज्ञानिकों ने की एक जीन की पहचान, जो लंग्स फेलियर और कोरोना से मौत के खतरे को दोगुना करता

**लंदन।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक इसतरह के जीन की पहचान की है, जो लंग्स फेलियर और कोरोना से मौत के खतरे को दोगुना करता है। साथ ही वैज्ञानिकों का दावा है कि दक्षिण एशियाई लोगों में मौजूद इस जीन ने कोरोना को जानलेवा बनाया है।वैज्ञानिकों के मुताबिक, एलजेडटीएफएफ1 जीन फेफड़ों को वायरस पर रेस्पॉन्ड करने के तरीके को बदल देता है। इतना ही नहीं दावा किया जा रहा है कि यह अब तक पहचाना गया सबसे महत्वपूर्ण आनुवंशिक जोखिम कारक है।वैज्ञानिकों ने अपनी स्टडी में पाया कि 60 प्रतिशत दक्षिण एशियाई लोगों में ये जीन मौजूद है। जबकि यूरोपीय देशों में यह सिर्फ 15 प्रतिशत लोगों में मिलता है।गुरुवार को इस स्टडी को प्रकाशित किया गया। यह भारतीय उपमहाद्वीप में कोरोना के प्रभाव की व्याख्या

# आईआरएसडीसी होगा बंद, विकास कार्य खुद कराएगा रेलवे

### हबीबगंज रेलवे स्टेशन के ?विकास कार्य भी रेलवे की देखरेख में होगा

**भोपाल।** रेल मंत्रालय ने इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कार्पोरेशन (आईआरएसडीसी) को बंद करने का फैसला ले लिया है। अब विकास कार्य खुद रेलवे कराएगा। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का विकास कार्य भी अब रेलवे की देखरेख में ही होगा। यह जिम्मेदारी पश्चिम मध्य रेलवे और भोपाल रेल मंडल की होगी। आईआरएसडीसी आने वाले डेढ़ महीने के भीतर सभी जिम्मेदारियां और दस्तावेज डब्ल्यूसीआर को सौंप देगा। बता दें कि रेलवे स्टेशनों को विकसित करने, कामों पर नियंत्रण रखने, रेलवे से मध्यस्थता करने जैसे काम आईआरएसडीसी करता था जो पुन~ विकसित योजना की नोडल एजेंसी भी है। जिसे रेल मंत्रालय ने अक्टूबर 2021 में बंद करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ही हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी है। रेल मंत्रालय के इस निर्णय से का असर दूसरे स्टेशनों को पुन~ विकसित करने की योजनाओं पर पड़ सकता है। आईआरएसडीसी एक स्वतंत्र उपक्रम है, जो केवल स्टेशनों को विकसित करने के कामों पर ही ध्यान देता है। जबकि रेलवे के पास पूरी जिम्मेदारी है। एक से अधिक काम है। दूसरी तरफ रेल कर्मियों की संख्या दिन-ब-दिन घट रही है। ऐसे में स्टेशनों को पुन~ विकसित करने जैसे बड़े काम पिछड़ सकते हैं। हबीबंगज स्टेशन की तरह भोपाल को भी पुन~ विकसित किया जाना था। इसकी जिम्मेदारी रेलवे को दी गई थी। रेलवे ने निजी डेवलपर कंपनियों को आफर भी दिए लेकिन कोई नहीं मिला। तब रेलवे ने स्वयं स्टेशन को पुन~ विकसित करने की शुरूआत की थी। इस काम को तीन साल हो रहे हैं। अब तक काम पूरा नहीं हुआ है। हालांकि इसकी वजह बजट नहीं मिल पाना और कोरोना संक्रमण को भी बताया जा रहा है। आईआरएसडीसी रेलवे का एक उपक्रम है जो हबीबगंज रेलवे स्टेशन को निजी भागीदारी के तहत डेवलपर कंपनी बंसल पाथ-वे हबीबगंज प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर पुन~ विकसित कर रहा है। इस पर 450 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से 100 करोड़ रुपये स्टेशन के अंदर यात्री सुविधाओं के विस्तार पर खर्च किए जा चुके हैं। 350 करोड़ से स्टेशन परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों के लिए चार बहु मंजिला भवन निर्माण किए जाने हैं। इनमें से एक का निर्माण पूरा हो चुका है। दो भवन निर्माणाधीन हैं। पूरा खर्च डेवलपर कंपनी उठा रही है। इसके बदले डेवलपर कंपनी को 45 साल तक स्टेशन परिसर में व्यवसाय करने के अधिकार दिए गए हैं। ट्रेन परिचालन और टिकट बिक्री से मिलने वाले राजस्व पर कंपनी का अधिकार नहीं होगा।

## डॉक्टर के घर से लाखो का माल उड़ाने वाले बदमाश बेसुराग

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके मे डाक्टर दंपती के सूने मकान पर धावा बोलकर लाखो का समेटकर रफुचक्कर होने वाले अज्ञात आरोपियों का फिलहाल पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बताया गया है कि फरियादी के घर सहित आस पास कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। जिस कारण आरोपियों का सुराग लगाना मुशकिल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक बंगला नंबर सी-एच-18 सेक्टर-ए बरखेड़ा, भेल में रहने वाले डाक्टर आशुतोष सिंह (55) पिता स्व. डा. प्रीतम सिंह जवाहर चौक पर प्रायवेट प्रैक्टिस करते हैं। उनकी पत्नी डा. आरती सिंह भेल में एजीएम, स्वास्थ्य हैं। आशुतोष सिंह ने पुलिस को बताया कि चार नवंबर की दोपहर करीब एक बजे पत्नी, बेटे के साथ विदिशा में अपनी मां से मिलने चले गए।

## हमीदिया के नए भवन में दो हजार बेड का एक ब्लाक तैयार

**भोपाल।** राजधानी के सरकारी अस्पताल हमीदिया परिसर में बन रहे नए भवन में दो हजार बिस्तर वाला एक ब्लाक बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार को पीआइयू और अस्पताल के अधिकारी व डाक्टर इस ब्लाक का निरीक्षण करेंगे। वह देखेंगे कि तय शर्तों के अनुसार निर्माण कार्य हुआ है या नहीं। 11 बार समयसीमा बढ़ने के बाद अब अस्पताल पूरी तरह से तैयार हो पाया है। निर्माण एजेंसी की पीआइयू (प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट) ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर अस्पताल को हस्तांतरित करने के लिए कहा है। पीआइयू के अफसरों ने बताया कि मंगलवार को निरीक्षण के बाद कमियां बताई जाती हैं तो उसके अनुसार फिर अस्पताल को तैयार करने में करीब एक महीने लग जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी सफाई छोड़कर सभी काम हो चुके हैं। इस ब्लाक में सामान्य वार्ड के अलावा के 91 प्राइवेट वार्ड भी हैं। इस तरह यहां कुल 791 बिस्तर हैं।800 बिस्तर वाले ब्लाक-ए का काम भी अंतिम चरण में है। यहां का 98 फीसद काम पूरा हो चुका है। कांच लगाने और सफाई का काम बाकी है। पीआइयू के अफसरों ने बताया कि ब्लाक-ए का काम दिसंबर अंत तक पूरा हो पाएगा। दोनों ब?लाक को आपस में जोड़ने के लिए पैदल पुल भी बनकर तैयार हो गया है। ब्लाक-बी के तैयार होने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यहां पर सुल्तानिया अस्पताल को स्थानांतरित किया जा सकेगा। वर्तमान में सुल्तानिया में पैदा होने वाले नवजातों के कम वजन या बीमार होने की स्थिति में भर्ती कराने के लिए दो किमी दूर हमीदिया लाना पड़ता है। इससे सुल्तानिया के मरीजों को काफी फायदा होगा। अभी उन्हें जांच, ब्लड आदि के लिए हमीदिया आना पड़ता है।

# प्रदेश में सवा करोड़ लोगों ने नहीं लगवाई दूसरी डोज



### 10 नवंबर को पुनः चलाया जाएगा टीकाकरण महाअभियान

**भोपाल।** प्रदेश में सवा करोड़ लोगों ने कोरोना वायरस के टीका की दूसरी डोज अभी तक नहीं लगाई है। इसके ?लिए टीकाकरण महाअभियान 10 नवंबर को पुन~ चलाया जाएगा। प्रदेश में करीब 60 लाख लोग ऐसे हैं, जिनकी दूसरी डोज लगवाने की अवधि निकल चुकी है। इसके अलावा 65 लाख लोगों की दूसरी डोज लगाने की अवधि चल चल रही है, लेकिन वह भी टीका लगवाने के लिए नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सरकार की चिंता बढ़ गई है। इसकी वजह यह कि कोरोना की तीसरी लहर का खतरा अभी टला नहीं है। विशेषज्ञों का भी यही कहना है कि दूसरी डोज लगवाए बिना कोरोना से सुरक्षा नहीं मिल सकती। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने कहा कि 10 नवंबर को टीकाकरण महाअभियान है। इसके साथ ही प्रदेश में दस्तक अभियान भी शुरू होगा। इसमें आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों की तलाश करेंगे। जिन्हें टीका नहीं लगा है, उनका मौके पर ही टीकाकरण किया जाएगा। पास में टीकाकरण केंद्र में भी भेजकर टीका लगवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के मुकाबले 91 फीसद लोगों को टीका की पहली डोज लगाई जा चुकी है, लेकिन सर्वे के दौरान पहली डोज नहीं लगवाने वाला मिलता है तो उसे भी टीका लगाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में कई जगह घर-घर जाकर टीका लगाने का काम शुरू भी हो गया है। डा. शुक्ला ने बताया कि अभी तक घर-घर जाकर दिव्यांगों और बुजुर्गों को भी टीका नहीं लगाया जा रहा था। इसकी वजह यह कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश में यह प्रविधान नहीं था। घर में टीका लगाने के बाद दुष्प्रभाव होने पर तुरंत इलाज की व्यवस्था करना मुश्किल होता है। इस कारण सिर्फ केंद्रों में टीका लगाया जा रहा था। अभी तक के टीकाकरण में यह देखने में आया है कि टीका लगाने के बाद किसी को भी गंभीर दुष्प्रभाव नहीं हुआ है।

## मुख्यमंत्री से रोजगार मांगने भोपाल के नीलम पार्क में 10 नवंबर को आएंगे अतिथि शिक्षक

**भोपाल।** प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से रोजगार मांगने के लिए राजधानी में एकजुट होंगे। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने बताया कि अतिथि शिक्षकों के सभी संगठन एकजुट होकर 10 नवंबर से भोपाल के नीलम पार्क में एकत्रित होकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से सुरक्षित भविष्य की गुहार लगाएंगे। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश शास्त्री, अनीता हरचंदानी, अर्जुन सिंह सिकरवार, इंद्रपाल पटेल, रामबाबू मालवीय, मुबारिक खान, सुदामा शर्मा, शिवकुमार सोनी, रविशंकर दहायत ने सभी अतिथि शिक्षकों से भोपाल आने की अपील की है। महागठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष शंभु चरण दुबे, केसी पवार, राजेश कामत, बीएम खान, राजू मीणा से भी एक मंच पर आने का अनुरोध किया है । समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविकांत गुप्ता और राजकुमार कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार हरियाणा और उत्तराखंड की तरह अतिथि शिक्षकों के हित में नीति बनाकर भविष्य सुरक्षित करें। शिक्षक भर्ती की वजह से और हिंदी, संस्कृत व विज्ञान के अतिथि शिक्षकों की भर्ती ना करने के कारण लगभग 35 हजार लोग वर्तमान सत्र में बेरोजगार हो गए हैं, जबकि कोरोना महामारी से पहले लगभग 70 हजार अतिथि शिक्षक कार्यरत थे। रिक्त पदों पर किसी कारण से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को पुन~ अवसर दिया जाए।

### आदेश के बावजूद नहीं मिला मानदेय, फीकी रही दीवाली

अतिथि शिक्षकों को दीपावली से पूर्व मानदेय भुगतान के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गए थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के कारण हजारों अतिथि शिक्षकों को दीपावली से पहले मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करवाएं ताकि सरकार की छवि खराब ना हो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से भी सुरक्षित भविष्य की गुहार लगा चुके हैं। गौरतलब है कि भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया अतिथि शिक्षकों के मुद्दे पर सड़क पर उतरे थे। अब उनकी ही सरकार है। प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक उनसे और मुख्यमंत्री से सुरक्षित भविष्य की आस लगाए हुए हैं।

## पाक कोर्ट ने मुंबई हमले के सरगना हाफिज सईद के संगठन के 6 आतंकियों को बरी किया

**लाहौर।** पाकिस्तान भले ही कितनी ही कस्में खा ले की वह आतंकियों को शरण नहीं दे रहा पर लाहौर हाईकोर्ट ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के छह आतंकवादियों को बरी कर दिया जिसके बाद उसका असली चेहरा उजागर हो गया है। इन लोगों को निचली अदालत ने टेरर फाइनेंसिंग मामलों में दोषी ठहराया था। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए सभी आतंकवादियों को बरी कर दिया। हाफिज सईद के नेतृत्व वाला जमात-उद-दावा प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का मुखौटा संगठन है। एलईटी 2008 के मुंबई हमले को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठन है। हमले में छह अमेरिकियों सहित 166 लोग मारे गए थे। हाफिज सईद खुद संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल है। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के जेयूडी के इन आतंकवादियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसके बाद लाहौर की आतंकवाद-निरोधी अदालत ने इस साल अप्रैल में जमात-उद-दावा के वरिष्ठ नेताओं-प्रो. मलिक जफर इकबाल, याह्या मुजाहिद (जेयूडी के प्रवक्ता), नसरुल्ला, समीउल्लाह और उमर बहादुर को नौ-नौ साल की कैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने हाफिज अब्दुल रहमान मक्की (सईद का बहनोई) को छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी। निचली अदालत ने इन नेताओं को आतंकवाद के वित्तपोषण (टेरर फाइनेंसिंग) का दोषी पाया था। वे धन इकट्ठा कर लश्कर-ए-तैयबा को अवैध रूप से धन मुहैया करा रहे थे। अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के माध्यम से एकत्र किए गए धन से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का भी आदेश दिया था। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद अमीर भट्टी और न्यायमूर्ति तारिक सलीम शेख की खंडपीठ ने जेयूडी के छह आतंकवादियों के खिलाफ सीटीडी की प्राथमिकी मामले में निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया।

# पाक सरकार ने प्रतिबंधित टीटीपी से की सरेंडर की अपील

### आतंकी संगठन बोला, पहले हमारे कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा करे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकी अब इमरान खान के लिए भस्मासुर बनते जा रहे हैं। पाक सरकार ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों से हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा है। लेकिन टीटीपी प्रमुख मुफ्ती नूर वली ने कहा है कि हथियार डालने की उम्मीद जल्दबाजी में की गई है। इससे पहले सरकार हमारे कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा करे और हमारी मांगों पर गौर करे। विदित हो कि अफगान तालिबान के कमांडर और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकी सिराजुद्दीन हक्कानी की मध्यस्थता में इन दिनों पाकिस्तान सरकार और टीटीपी के बीच समझौते के लिए वार्ता चल रही है। वार्ता में टीटीपी की ओर से संगठन के सरगना मुफ्ती नूर वली की अगुआई वाला दल शामिल है। वली ने कहा है कि सरकार की हथियार डालने की मांग बहुत जल्दी की गई है। उससे पहले सरकार को हमारे कार्यकर्ता जेल से रिहा करने होंगे और हमारी मांगें माननी होंगी। इन मांगों को मानने की मजबूत गारंटी भी देनी होगी। लेकिन इमरान सरकार ने टीटीपी की इन अपेक्षाओं पर अभी कुछ नहीं कहा है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने माना है कि टीटीपी को शस्त्रहीन करने और देश में शांति स्थापित करने के लिए वार्ता की जा रही है। टीटीपी के कुछ नेता सरकार से बात करके देश में शांति और सुलह स्थापित किए जाने के पक्ष में हैं। इमरान ने प्रतिबंधित संगठन से वार्ता में सफलता मिलने के भी संकेत दिए हैं। वहीं, दूसरी तरफ इमरान खान ने कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। इस आशय के प्रस्ताव पर शनिवार को इमरान ने अंतिम स्वीकृति दे दी।

## रूस-यूक्रेन विवाद में अमेरिका भी कूदा, मॉस्को को चेतावनी देने सीआईए प्रमुख को भेजा

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। अब यूक्रेन सीमा पर रूसी सेना की तैनाती को लेकर अमेरिका भी बीच में कूद पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस को चेतावनी देने के लिए अपनी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स को मॉस्को भेजा था। इस बीच रिपब्लिकन सांसदों ने बाइडेन प्रशासन के ऊपर दबाव बढ़ाते हुए मांग की है कि रूसी सेना की आक्रामक गतिविधियों को रोकने के लिए अमेरिका को यूक्रेन के नजदीक अपने सैनिकों को तैनात करना चाहिए। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका ने सीआईए चीफ को रूस पर दबाव बनाने के लिए मॉस्को भेजा था। जो बाइडेन का उद्देश्य यह था कि विलियम बर्न्स रूस को यह बताएं कि अमेरिका यूक्रेन की सीमा के पास अपने सैनिकों की तैनाती को करीब से देख रहा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी के चीफ की रूस यात्रा को काफी दुर्लभ माना जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सीआईए चीफ बर्न्स ने क्रेमलिन में सीधे सैन्य गतिविधि में शामिल वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की। यूक्रेन के सूत्रों ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बर्न्स ने रूसी अधिकारियों से यूक्रेन की सीमा पर सैनिकों और हथियारों की अनियमित तैनाती को लेकर अमेरिका की चिंताओं को साझा किया।

# तालिबान ने किया काबुल का मटियामेट, दो जून की रोटी के लिए कुछ भी बेचने को तैयार लोग

**काबुल।** तालिबान की हुकूमत कायम होने के बाद अफगानिस्तान के आर्थिक हालात दिन-ब-दिन बिगड़तो जा रहे हैं यहां चारों ओर अफरातफरी मची हुई है। काबुल में हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग दो वक्त की रोटी खरीदने के लिए कुछ भी बेचने को तैयार हैं। यही कारण है कि काबुल की सड़कों पर अचानक सामान बेचने वालों की भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक जाम लगने लगा है। लोग सड़कों के किनारे घर के कपड़े, बिस्तर, पलंग और बर्तन तक बेचने को मजबूर हैं। खबरों के अनुसार, गरीबी और बेरोजगारी के कारण काबुल की सड़कों पर सामान बेचने वालों की संख्या काफी बढ़ गई है। काबुल में अधिकतर लोगों के पास खाना खरीदने के लिए भी पैसा नहीं बचा है। विक्रेताओं ने कहा कि उन्हें अपने परिवारों के लिए रोटी का एक टुकड़ा खोजने के लिए कुछ करना होगा। चूंकि कोई नौकरी नहीं है, इसलिए उन्हें सड़कों पर सामान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। काबुल की सड़कों के किनारे फुटपाथ पर कब्जा जमाए ये दुकानदार सिर्फ नई चीजें ही नहीं बेच रहे हैं। इनमें उन लोगों की तादाद भी अच्छी खासी है, जो अपने घरों के सामान को बेचने आए हैं। इन दुकानदारों को उम्मीद है कि इससे उन्हें अपने परिवार के पेट भरने के लिए पैसा मिल सकेगा। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से अफगानिस्तान के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं।

## सऊदी अरब में जमीन में दफन मिले 2000 साल पुराने राज्य

**रियाद।** सऊदी अरब के उत्तर पश्चिम हिस्से में स्थित अल-उला के पहाड़ों में पुरातत्वविदों को खोये हुए राज्य मिले हैं। इन राज्यों से जुड़े अवशेषों की जानकारी के लिए पुरातत्वविदों की टीम 24 घंटे खुदाई कर रही है। इन राज्यों का संबंध दादन और लिहयान राजशाही से जुड़ा बताया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े रॉयल कमीशन ने बताया कि दादन का उल्लेख ओल्ड टेस्टामेंट में किया गया है, जबकि लिहयान अपने समय का सबसे बड़ा साम्राज्य था। अल-उला सऊदी अरब का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जिसे 2019 में आम लोगों के लिए खोला गया था। इसे प्राचीन अरब की राजधानी माना जाता है। मुख्य रूप से अल-उला मदैन सालेह के राजसी मकबरों के लिए जाना जाता है। मदैन सालेह यूनेस्को से मान्यता प्राप्त सऊदी अरब का पहला वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। इस जगह का निर्माण अरब के प्राचीन निवासी नबातियन ने चट्टानों को काटकर किया था। इन लोगों ने ही जॉर्डन में स्थित पेट्रा का निर्माण भी किया था। फ्रांसीसी और सऊदी पुरातत्वविदों की एक टीम अब दादन और लिहयान सभ्यताओं से जुड़े पांच स्थलों पर खुदाई कर रही है। ये सभ्यताएं करीब 2000 साल पहले इस क्षेत्र में विकसित हुई थीं। अभी तक यह ज्ञात नहीं है कि इन सभ्यताओं के खत्म होने का कारण क्या था। दादन पुरातात्विक मिशन के को-डायरेक्टर अब्दुलरहमान अल-सोहैबानी ने कहा कि यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है।

## ड्रोन हमले में इराकी पीएम बाल-बाल बचे, 6 सुरक्षा अधिकारी घायल

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार सुबह पीएम आवास को निशाना बनाकर विस्फोटकों से लदे एक ड्रोन से हमला हुआ। यह पीएम कदीमी की हत्या का प्रयास था। इस अटैक में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात 6 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर खुद के सुरक्षित होने की जानकारी दी और कहा कि शांति और धैर्य बरकरार रखें। उन्होंने बताया कि बगदाद स्थित उनके आवास पर विस्फोटकों से भरे ड्रोन से हमला हुआ लेकिन वे सुरक्षित वहां से निकल गए। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी के ग्रीन जोन में स्थित प्रधानमंत्री के आवास को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री ने अपने एक ट्वीट में देश की जनता से अपील की है कि इराक के लिए शांति बनाए रखें। फिलहाल इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। पूर्व इंटेलीजेंस चीफ अल-कादिमी ने पिछले साल मई माह में प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था। पिछले माह ही इराक के सुरक्षा बलों को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मारे जा चुके सरगना अबू बकर अल-बगदादी के करीबी सहायक सामी जसीम को पकड़ने में सफलता मिली। सामी आईएस का उप सरगना होने के साथ ही वित्त मामलों को भी देखता था। इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कादिमी ने ट्वीट के जरिए ही आईएस आतंकी की गिरफ्तारी की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मुस्तफा ने कहा, हमारे इराकी सुरक्षा बलों का ध्यान चुनाव कराने पर केंद्रित था, उनके गुप्तचरों ने सामी को दबोचने के लिए जटिल अभियान चलाया। उन्होंने अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। वर्ष 2019 में अमेरिका के विशेष बल ने उत्तर पश्चिम सीरिया में बगदादी को मार गिराया था।

# खाते में जमा पैसे पर रोक को माना सेवा में कमी, ब्याज सहित भुगतान के दिए निर्देश



**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग (उपभोक्ता फोरम) ने खाते में जमा पैसे की निकासी पर रोक लगाने के मामले को बैंक की सेवा में कमीमानाहै।**

**खाते में जमा पैसे पर रोक को माना सेवा में कमी, ब्याज सहित भुगतान के दिए निर्देश**

ग्वालियर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग (उपभोक्ता फोरम) ने खाते में जमा पैसे की निकासी पर रोक लगाने के मामले को बैंक की सेवा में कमी माना है। फोरम ने आदेश दिया है कि बैंक जमा राशि पर रोक हटाए और 18 दिसंबर 2019 से अब तक जमा राशि पर सात फीसद ब्याज भी अदा करे। साथ ही शिकायकर्ता ने केस लड़ने पर जो खर्च किया है, उसके बदले में तीन हजार रुपये भी अलग से देने होंगे।

प्रेमवती का इंडसंड बैंक में बचत खाता था। इस खाते में दो साल तक शून्य बैलेंस था। प्रेमवती के पति का निधन हो गया। उनकी बीमा पालिसी थी। बीमा कंपनी ने उनकी बीमा पालिसी का पांच लाख 5 हजार 500 रुपये प्रेमवती के खाते में ट्रांसफर किया। पैसा आने के बाद बैंक ने उन्हें भुगतान नहीं किया। बैंक ने पैसे के आहरण पर रोक लगा दी। जब बैंक ने उन्हें सूचना दी तो बताया कि दो साल तक खाते में बैलेंस नहीं रहता है तो उसे बंद कर दिया जाता है। प्रेमवती ने उपभोक्ता फोरम में आवेदन पेश किया। प्रेमवती की ओर से तर्क दिया गया कि खाते में लेनदेन पर रोक लगाकर बैंक ने मानसिक रूप से परेशान किया है। इसलिए पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिलाए जाएं। इस आवेदन पर फोरम ने बैंक से जवाब मांगा। बैंक की ओर से कहा गया कि निर्धारित शर्तों के तहत खाता निष्क्रय हो गया। अचानक बड़ी रकम इसमें जमा हो गई। इस रकम पर जमा होने पर शिकायतकर्ता को पक्ष रखने के लिए नोटिस भी जारी किया। बीमा कंपनी ने भी सूचित किया कि पालिसी में फाड होने की आशंका है। पैसे वापस करने का अनुरोध भी किया गया। फोरम ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि बैंक ने सेवा में त्रुटि की है। खाते में जमा पैसे के आहरण पर बिना वजह रोक लगाई है। इसलिए सात फीसद ब्याज के साथ पैसे दिए जाएं।

## तहसीलदार के सामने युवक ने चाकू से गला काट लिया

ग्वालियर। जिला कोर्ट (गिर्राज मंदिर के सामने) रविवार को अवकाश के दिन पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला नवीन कुमार अग्रवाल कार्ड प्रिंट व सील सिक्के की दुकान को खाली कराकर तोड़ने के लिए पहुंच गया। तहसीलदार मधुलिका तोमर ने नवीन कुमार को दुकान खाली करने के निर्देश दिए । युवक ने अधिकारियों से दुकान खाली करने के लिए 10 मिनिट का समय मांगा। 10 मिनिट का समय गुजरने के बाद तहसीलदार ने फिर युवक से दुकान खाली करने को कहा, तभी अचानक युवक ने आत्महत्या करने के इरादे से अपने गले पर प्रहार करना शुरू कर दिए। युवक का गला बुरी तरह से कट गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस व अधिकारियों ने पहले युवक को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया, लेकिन गले से खून का फव्वारा फूटते ही पुलिस ने युवक के हाथ से चाकू छीनकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। युवक के आत्महत्या का प्रयास करने के बाद दो पक्षों के बीच फावड़े व लाठी चल गई। आक्रोशित लोगों ने जिला कोर्ट के सामने जाम लगा दिया।

## ईको पर्यटन विकास बोर्ड की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ट्रैकिंग रूट आईडेंटिफिकेशन प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर

ग्वालियर। ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ट्रैकिंग रूट आईडेंटिफिकेशन प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 तक बढ़ाई गई है। पूर्व में प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021 थी। इसके साथ ही फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता की शर्तों में संशोधन करते हुए प्रतिभागियों को न्यूनतम 3 ईको पर्यटन स्थलों के फोटोग्राफ्स या वीडियो की जगह अब न्यूनतम एक ईको पर्यटन स्थल के फोटोग्राफ या वीडियो भेजे जाने आवश्यक होंगे।

**लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों से आवेदन माँगे**

ग्वालियर। शासकीय कार्यालयों में पदस्थ लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण शाला में एक दिसम्बर से प्रशिक्षण सत्र आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक कर्मचारियों से आवेदन मांगे गए हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र कार्यालय प्रमुख के माध्यम से 20 नवम्बर तक मोतीमहल स्थित लेखा प्रशिक्षण शाला में जमा किए जा सकेंगे।

## केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया दो दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर रहेंगे

**स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही विकास कार्यों एवं पर्यटन की करेंगे समीक्षा**



ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया 8 व 9 नवम्बर को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 8 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे आनंदनगर में रजक समाज द्वारा आयोजित सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 3 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित सेमीनार में भाग लेंगे। श्री सिंधिया इसके पश्चात अपरान्ह 4.45 बजे आईआईटीटीएम सभागार में आयोजित उद्भव पत्रकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सायं 6 बजे शालीमार गार्डन ठाठीपुर में आयोजित दिवाली मिलन समारोह में शिरकत करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 9 नवम्बर को प्रातः 9 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में विकास कार्यों के साथ पर्यटन की समीक्षा भी करेंगे। श्री सिंधिया प्रातः 10.30 बजे शीतला माता मंदिर दर्शन करने जायेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11.15 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे और प्रातः 11.45 बजे आईपीएस कॉलेज में आयोजित ब्राम्हण समाज के दिवाली मिलन समारोह में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया दोपहर 2.45 बजे मुरैना जिले के जौरा में महात्मा गाँधी आश्रम पहुँचकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे आगरा की ओर प्रस्थान करेंगे।

# कोरोना काल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता के दुख में साथ निभाया

**5 हजार से अधिक कांग्रेस सदस्य बनने के लिए मिस्डकॉल आयाः डॉ. देवेन्द्र शर्मा**

ग्वालियर । शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एवं मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ग्वालियर के प्रभारी अवनीश भार्गव के मुख्यातिथ्य में विधायक, कार्यवाहक अध्यक्षो, ब्लॉक अध्यक्षो, मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षो, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, विभाग प्रकोष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संयुक्त बेठक सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस के सदस्यता अभियान, जनआंदोलन और जनता के सुखदुख में साथ निभान एवं समस्यांओ को उठाने पर निर्णय हुआ। बैठक के अंत में गांधीवादी नेता स्व. श्री सुब्बाराव जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बैठक में कहा कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 2020-21 के कोरोना काल में कोरोना से पी?ित मरीजो और उनके परिवारो के दुख में सम्मलित होकर चाय, नाश्ता, भोजन एवं अंतिम संस्कार क्रिया, दवाई, ऑक्सीजन आदि दिलाए जाने में निरंतर रातदिन कार्य करते रहे, साथ ही मंहगाई बेरोजगारी को लेकर 20 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक निरंतर आंदोलन होते रहे, जिसके अंतर्गत धरने, प्रदर्शन, पुतला दहन किए गए, कांग्रेस के अंदोलन का ही यह परिणाम में कि पेट्रोल डीजल के दाम कम हुए। कांग्रेस द्वारा जनता के दुख में साथ दिए जाने का परिणाम सकारात्मक निकला है, अभितक 5 हजार से अधिक मिस्डकॉल कांग्रेस के सदस्य बनने के लिए आए है और प्रतिदिन कांग्रेस कार्यालय पर आकर आमनागरिक कांग्रेस के सदस्य बन रहे हे। सदस्यता अभियान को ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर सदस्य बनाए जाएगे। सदस्यता अभियान मिस्डकॉल की फाईल प्रभारी अविनाश भार्गव को सौंपते हुए कहा कि कांग्रेस के अंदोलन से जनता को राहत मिली है।

**हर मतदान केन्द्र पर कांग्रेस 50 सदस्य बनाएं**

**विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन कराए**

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ग्वालियर के प्रभारी अविनाश भार्गव ने कहा कि सदस्यता अभियान की ग्वालियर में प्रगति निश्चित तौर पर जनता को जो?ने वाली है अब जो सदस्यता अभियान प्रारंभ हुआ है उसके अंतर्गत अब प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पचास सदस्य बनाना अनिवार्य है, इसके लिए ब्लॉक, मंडलम एवं सेक्टर कांग्रेस कमेटी इस सदस्यता अभियान को पूर्ण कराए, साथ ही शहर की तीनो विधानसभांओ में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जाए, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ सभी वर्गो का समावेश किया जाए।



14 नवंबर से 21 नवंबर तक हर ब्लॉक में पदयात्रा निकाली जाएगी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कार्यक्रम निधारित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाए, प्रत्येक ब्लॉक में बैठक आयोजित की जाए बैठक की रिपोर्ट शहर जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाए, भाजपा सरकार द्वारा जनता के साथ विष्वास घात किया जा रहा है उसे लेकर वार्ड स्तर तक आंदोलन किया जाए, मंहगाई बेरोजगारी, टूटी स?के, गंदगी के ढेर, बिजली की दरो में वृद्धि जैसे मुद्दो को जनमानस में उठाया जाए।

बैठक में मप्र शासन के पूर्व मंत्री बालेंदू शुक्ला, विधायक सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, पूर्व अध्यक्ष चंद्रमोहन नागोरी, हरिओम शर्मा, पप्पन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल, अमर सिंह माहोर, वीर सिंह तौमर, चतुर्भुज धनोलिया, राघवेन्द्र शर्मा, प्रेमनारायण यादव, राजू राय, इन्द्रजीत सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, आनंद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, उदल सिंह, मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक प्रभूदयाल जौहरे, जयराज सिंह चौहान, भीकम सिंह गुर्जर, संजय सिंह राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रूचि गुप्ता, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसाना, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर, वीणा भारद्वाज, सरमन राय, अशोक तौमर, जेएच जाफरी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, मुनेन्द्र भदोरिया, विनोद कुमार जेन, सुनील श्रीवास, संतोश शर्मा, कैलाश चावला, अब्दुल हमीद, राम सिंह चौहान, शंकर गाबरा, संजीव दीक्षित, चेतन भार्गव, वेदांत भार्गव, अरविंद पाल, मयंक दुबे, हर्ष माहेश्वरी, नीरज अग्रवाल, विष्णूकांत शर्मा, राघवेन्द्र सिंह चौहान, अशोक सिंह सिकरवार, सीमा समाधिया, स्मृति कुशवाह, मिली सक्सेना, कंचन कदम, रचना, रानू शर्मा, वर्षा, गीता गुप्ता, निधि शर्मा, महादेव अपोरिया, अमन लक्षकार, शिवा तौमर, अविनाश गुप्ता, राजेश जाटव, मोनू भटनागर, अंसार खान, पवन गुप्ता, अरमान खान, रवि शाक्य, भूपेन्द्र तौमर, सोहिल खान, राजेन्द्र माहोर, आकाश बघेल, नितेश कुमार सिंह, अनिल शर्मा, उमेश बरैया, लवकेश गुर्जर, जगदीश पलैया, अंकित कठुल, शरद यादव, अशोक तरेटिया, नरेश सिंह लोधी, जितेन्द्र सिंह भदोरिया, शुभम मधुरिया, भीकम सिंह जादोन, राकेश कुशवाह, जुगल किशोर भार्गव, शोकत खान, कुलदीप शर्मा, फैजान खान, वीर कुशवाह, संजय फ?तरे, भैयालाल भटनागर, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, महेन्द्र शर्मा, कपिल पाल, जीतू कुशवाह, अनुप शिवहरे, सोनू भदोरिया, हिमांशु कुलश्रेष्ठ, सतीश मिश्रा, सोनू ढाडा, अमन कुमार, आलीम खान, विवेक यादव, अशोक सुमन, आकाश डागोर, अब्दुल अकील, ओमप्रकाश सिंह, नसरीन खान, शफीउल्ला खान, विक्रम शर्मा, राकेश सोंलकी, हेमशंकर पाठक, अनुप जेन, कल्लू तौमर, अर्जुन सिंह चंदेल, रामसहाय तौमर, राजू पाठक, मोहित जेन, कुलदीप कौरव, अभिजीत राहुल भदोरिया, मुउद्दीन, दिपेन्द्र राजावत, बुंदू खान, लाखन सिंह, राजीव, श्रीराम सविता, बृजेश शुक्ला, देवीप्रसाद शर्मा, भुवनेश शुक्ला, राहुल सिंह यादव, ओमप्रकाश दुबे, रामबाबू शर्मा, विमल शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, आकाश सिंह, मनोज जेन, अजय कुमार, मंगल यादव, जमील खान, केके चौहान, नीलू, वसीम कुरेशी, मान सिंह परिहार, एमएम अंसारी, संजय माहोर, नीरज बाथम, मानवेन्द्र तोमर, कृपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मलित थे।

# जैन जागरण मंच के पदाधिकारियों ने 27 फुट ऊंचे बिजौलियाँ पार्श्[वनाथ का अभिषेक किया

**जैन तीर्थ बिजौलियाँ पार्श्[वनाथ, केशरिया पार्श्[वनाथ और जहाजपुर यात्रा के रवाना हुए।**

ग्वालियर- दिगम्बर जैन युवा जागरण मंच ग्रेटर ग्वालियर तत्वावधान में भीलवाड़ा राजस्थान स्थित जैन तीर्थ बिजौलियाँ पार्श्[वनाथ, केशरिया पार्श्[वनाथ और जहाजपुर कोट जैन तीर्थ दर्शनों के लिए 60 यात्रियों का जत्था 06 नबंबर शनिवार को ग्वालियर से यात्रा के लिए रवाना हुए। दिगंबर जैन युवा जागरण मंच की पारिवारिक





बार्षिक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जाता है।

युवा मंच के मीडिया प्रभारी सचिन जैन ने बताया 7 रविवार प्रातः 6ः30 बजे भीलवा?ा राजस्थान स्थित जैन तीर्थ बिजौलियाँ पार्श्[वनाथ तीर्थस्थल पहुँचे।दिगंबर जैन युवा जागरण मंच के पादधिकारियो व सदस्यों पीले वस्त्र पहनकर 27 फुट ऊंची बिजौलियाँ पार्श्[वनाथ प्रतिमा का अभिषेक व शांतिधारा जयकारों के साथ कि गई। अभिषेक के उपरांत अष्ट द्रव्य से पूजन कर भव्य दीपो से आरती की गई। दोपहर में कोट स्थित जहाजपुर जैन तीर्थ में पहुँचकर विराजित भगवान मुनिसुव्रतनाथ के दर्शनों के साथ आर्यिकाश्री स्वति भूषण माताजी से आशीर्वाद लिया। 8 को केशरिया पार्श्[वनाथ व उदयपुर होकर वापस 9 को सुबह ग्वालियर पहुचेगी। संस्था के अध्यक्ष महेंद्र जैन, सचिव रवि जैन, नीरज जैन, प्रवक्ता सचिन जैन, यात्रा संयोजक सचिन जैन मुरार, आकाश जैन, नरेश जैन, मनोज टाईगर, दीपक जैन, राहुल जैन, दिनेश जैन, जितेंद जैन, आकाश जैन, सौरभ जैन आदि मौजूद थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478